नई दिल्ली
शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 193
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 25
न्यून. 18

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

संगठन से जुड़े मुद्दों और आगामी कार्य योजना पर की चर्चा

राष्ट्रीय महासचिवों के साथ नितिन नवीन ने की बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की। बैठक में पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष, महासचिव विनोद तावड़े, विप्लव कुमार देव, स्मृति ईरानी,सुनील बंसल, संजय भाटिया समेत कई नेता शामिल हुए। इस बैठक के बाद नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों और आगामी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। माना जा रहा है कि भाजपा अध्यक्ष ने महासचिवों के साथ अगले साल कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की बहुआयामी रणनीति पर चर्चा की। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन द्वारा एसआईआर से जुड़ी कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर चलाए जा रहे आक्रामक अभियान का मुकाबला करने के लिए भी एक रणनीति तैयार की।

कानून के शासन, नौवहन स्वतंत्रता में किसी देश का विरोध नहीं, क्षेत्रीय हितधारकों के हितों की रक्षा ही है उद्देश्य

समुद्र में जहाजों के ध्वज या राष्ट्रीयता पर ध्यान दिए बिना सुरक्षा प्रदान करता भारत: राजनाथ

गुरुवार को फिलीपींस में हुई एडीएमएम-प्लस के रक्षा मंत्रियों की बैठक में बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को फिलीपींस के सेबू में 13वीं आसियान-प्लस के रक्षा मंत्रियों (एडीएमएम-प्लस) की एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने पश्चिम-एशिया के साथ-साथ दुनिया के बाकी भागों में जारी युद्ध का अप्रत्यक्ष रूप से संदर्भ देते हुए कहा कि बीते कुछ वक्त से भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोत महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर वाणिज्यिक जहाजों को बिना किसी भेदभाव यानी उनके ध्वज या राष्ट्रीयता पर ध्यान दिए बिना ही व्यापक सुरक्षा प्रदान करने में लगे हुए हैं। अब तक हजारों की संख्या में जहाजों को न केवल सुरक्षित मार्ग प्रदान किया गया। बल्कि खुले जलक्षेत्र में अपहरण की दर्जनों घटनाओं को भी पूरी तरह से नाकाम किया है। गौरतलब है कि इस बैठक में भाग लेने के लिए राजनाथ सिंह बीते 28 से ▶▶शेष पेज 5 पर

एक सुरक्षित आईपीआर की दरकार

रक्षा मंत्री ने चीन का नाम लिए बगैर ये स्पष्ट किया कि समुद्री क्षेत्र में कानून के शासन (यूएन के नियम), नौवहन व विमानों की उड़ान स्वतंत्रता के मामले में भारत का जोर किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। बल्कि इसका एकमात्र उद्देश्य क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा करना है। व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। दशकों ▶▶शेष पेज 5 पर

डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख



पीड़ित के पूरे पैसे बैंक से दिलवाने की बने व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीजेआई ने ठगे गए पढ़े-लिखे लोगों से सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे? उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जागरूकता अभियानों और समाचारों के बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आप कैसे मान लेते हैं कि मोबाइल पर आपको गिरफ्तार किया जा रहा है? मोबाइल को दीवार पर दे मारें, गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी। सीजेआई ने पढ़े-लिखे लोगों के ठगी का शिकार होने पर भी निराशा जताई और सवाल किया कि वे अगली पीढ़ी को क्या सीख देंगे।

उन्होंने कहा कि फर्जी अदालती आदेशों की सत्यता संबंधित अदालत की वेबसाइट पर जांची जा सकती है। अदालत ने कहा कि यदि बैंक की लापरवाही के कारण किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो पीड़ित को हुए नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस साल देश को डिजिटल अरेस्ट और इस तरह की साइबर ठगी से करीब 800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने ने अदालत को बताया कि पिछले साल ▶▶शेष पेज 5 पर

आरबीआई से ऐसे नियम बनाने पर विचार करने को कहा



फाइल फोटो

आरबीआई को अगली सुनवाई पर सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश भी दिया

ठगों की बातों पर भरोसा करके अपनी मेहनत की कमाई क्यों गंवा देते हैं?

मोबाइल को दीवार पर दे मारें गिरफ्तारी खत्म हो जाएगी

असामान्य लेन-देन पर नजर रखें बैंक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैंकों को ऐसे लेन-देन की पहचान करनी चाहिए, जो खाताधारक के सामान्य वित्तीय व्यवहार से बिल्कुल अलग हों। संदिग्ध लेन-देन की स्वचालित सूचना देने और भुगतान की पुष्टि के लिए अतिरिक्त सत्यापन जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर खाताधारक से संपर्क कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि वह अपनी इच्छा से रकम भेज रहा है या किसी ▶▶शेष पेज 5 पर

निपटाई जा रही 20 हजार फाइलें, 5 लाख ऐतिहासिक पृष्ठों, अभिलेखों का डिजिटलीकरण जारी

लंबित मामलों के तीव्र निपटान में जुटा डीआरडीओ, शुरू किया विशेष अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने देशभर में मौजूद अपने सभी मुख्यालयों, प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठानों में लंबित पड़े हुए मामलों के जल्द निपटारे के लिए एक विशेष अभियान (एससीडीपीएम 6.0) की शुरुआत की है। जिसका मकसद बिना किसी अंतिम निर्णय वाले लंबित पड़े मामलों की संख्या में कटौती करने, लोक शिकायत निवारण में तेजी लाने, जरूरी रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण, स्वच्छता में ▶▶शेष पेज 5 पर

यूं होता अभियान का क्रियान्वयन

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लंबित मामलों में लोक शिकायतें, संसदीय आश्वासन और अंतर-मंत्रालयी संदर्भों को मुख्य रूप से शामिल किया गया है। संगठन ने दावा किया कि उसने इस बाबत तय किए गए लक्ष्य को करीब-करीब 100% तक प्राप्त कर लिया है। छंटाई के लिए तय की गई 20 हजार फाइलों का निपटारा किया जा रहा है। कटे हुए कागजों को रीसाइक्लिंग के लिए खादी-ग्रामोद्योग आयोग को भेजा गया है। इसके अलावा प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने के लिए लगभग 5 लाख ▶▶शेष पेज 5 पर

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह से महारैली की तैयारियों एवं जनभागीदारी को लेकर हुई चर्चा

लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए 1 नवंबर की महारैली में ऐतिहासिक भागीदारी करे जनता: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सिरसा से सांसद और कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के मताधिकार की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण जनआंदोलन साबित होगी। उन्होंने हरियाणा सहित देशभर की जनता से इस महारैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्तता को कमजोर कर रही है तथा चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। वोट चोरी के आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और किसी भी सरकार को संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक हितों के लिए दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। जनता को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आवाज उठानी होगी। कुमारी सैलजा ने बताया कि हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के साथ महारैली की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय तथा हरियाणा से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सभी नेताओं ने कांग्रेस ▶▶शेष पेज 5 पर



प्रयागराज में जमीन के नीचे दबे मिले तीन ड्रम

इनसे करोड़ों की नकदी बरामद, रकम 60 करोड़ रुपए तक होने की संभावना

500-500 के नोटों की गड्डियां मिलीं, 4 लोग हिरासत में

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



प्रयागराज जिले में एक मकान के नीचे जमीन में दबे तीन नीले ड्रमों से करोड़ों रुपए की नकदी बरामद हुई है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में मिले इन ड्रमों में 500-500 के नोटों की गड्डियां भरी थीं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक नकदी 5 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। हालांकि, गांव में रकम 60 करोड़ तक ▶▶शेष पेज 5 पर

फडणवीस-गडकरी के क्षेत्र में झटका

'नागपुर' स्नातक सीट पर कांग्रेस का कब्जा बरकरार

एजेंसी ▶▶ नागपुर



कांग्रेस के वंजारी की रोमांचक जीत

महाराष्ट्र विधान परिषद की नागपुर संभाग स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। बेहद रोमांचक मुकाबले में कांग्रेस के मौजूदा विधान परिषद सदस्य अभिजीत वंजारी ने भाजपा उम्मीदवार और ▶▶शेष पेज 5 पर

दो साल में 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ेगा गन्ने का भाव

गन्ना किसानों के हित में हरियाणा सरकार ने लिया बड़ा फैसला, बढ़ेगा गन्ने का भाव

2026-27 में 430 रुपए और 2027-28 में 450 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा गन्ने का भाव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के गन्ना किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2026-27 के सीजन में गन्ने का भाव 430 रुपये प्रति क्विंटल होगा, जबकि वर्ष 2027-28 में इसे बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। इस तरह दो वर्षों में गन्ने के भाव में कुल 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होगी।

गन्ना किसानों की आय बढ़ेगी

सैनी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में गन्ने का भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल था। इसे 15 रुपये बढ़ाकर वर्ष 2026-27 में 430 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। इसके बाद वर्ष 2027-28 में किसानों को 450 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से गन्ने का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर गन्ने की पैदावार 700 से 800 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इस आधार पर गन्ने के भाव में बढ़ोतरी से किसानों की आय प्रति सीजन, प्रति एकड़ 10 हजार रुपये से 11 हजार 300 रुपये तक बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों ▶▶शेष पेज 5 पर

किसान होंगे प्रोत्साहित

उन्होंने कहा कि गन्ने का भाव बढ़ने से किसान इसकी खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इससे गन्ने की अधिक पैदावार होगी और चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकेगा। इससे मिलें अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेंगी। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि ▶▶शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

कृष्णा नगर में धक्का देने पर कारोबारी की मौत

नई दिल्ली। कृष्णा नगर इलाके में झगड़े के दौरान एक कपड़ा कारोबारी को पड़ोसियों द्वारा धक्का देने के बाद मौत का मामला सामने आया है। घटना में कारोबारी के सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक जगदीश प्रसाद के बेटे रिषभ की शिकायत पर पड़ोसियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जगदीश प्रसाद अपने परिवार के साथ सुभाष रोड इलाके में रहते थे। परिवार में पत्नी व दो बेटे हैं। जगदीश का गांधी नगर में कपड़े का कारोबार है। शिकायतकर्ता रिषभ ने पुलिस को बताया कि पांच अक्टूबर को भी उनके पिता ने ईस्ट आजाद नगर में भूतल पर एक फ्लैट खरीदा था। पहली, दूसरी और तीसरी मंजिल पर खुराना परिवार के फ्लैट है। पीड़ित के फ्लैट में निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि 25 और 26 अक्टूबर को उनके पिता के साथ पड़ोसियों ने मारपीट की थी। उन्होंने पिता को धक्का दिया जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। इलाज के लिए उन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया, इलाज के कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई।

नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में नकली देसी घी बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। इस दौरान 221.550 किलोग्राम नकली घी जब्त किया गया है। पकड़े गये आरोपी शख्स का नाम शिव विहार निवासी मोहम्मद समीर (22) बताया गया है। डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार पुलिस को 28 अक्टूबर को करावल नगर इलाके में मिलावटी देसी घी के निर्माण और आपूर्ति के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस ने शिव विहार के फेज-10 स्थित गली नंबर 22 के एक मकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान मौके से मोहम्मद समीर को दबोचा गया और परिसर से 221.550 किलोग्राम संदिग्ध मिलावटी देसी घी के साथ-साथ इसके निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की गई। इस संबंध में करावल नगर थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

एनडीएमसी चार कॉलोनियों को घोषित करेगी अनुपम कॉलोनी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण अभियान को तेज कर दिया है और 10 दिसंबर को चार कॉलोनियों को अनुपम कॉलोनी घोषित करने का लक्ष्य रखा है। इस बात की जानकारी गुरुवार को एनडीएमसी ने दी है। गौरतलब है कि एनडीएमसी अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है और अधिक अनुपम कॉलोनियों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को बीकेएस मार्ग स्थित केंद्र सरकार कर्मचारी आवासीय परिसर में चार श्रेणियों में कचरा पृथक्करण पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, आरडब्ल्यूए द्वारा नियोजित निजी कचरा बीनने वालों और कचरा संग्रहण टिपरों द्वारा कचरा संग्रहण का औचक निरीक्षण किया गया।

पुलिस ने आरोपियों की ढाई करोड़ की संपत्ति जब्त की

कंपनी निदेशक बनकर बैंक से 22.56 लाख ट्रांसफर करवाने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने बैंक खाताधारकों के रूप में फर्जीवाड़ा करने वाले रैकेट से जुड़े दो जालसाजों को गिरफ्तार किया । इनकी 2.50 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की गई है। एक आरोपी पहले से ही भगौड़ा अपराधी घोषित किया जा चुका था।

पुलिस के अनुसार धोखेबाजों ने खुद को एक कॉर्पोरेट डायरेक्टर बताकर बैंक अधिकारियों को झांसे में लिया और फर्जी आरटीजीएस निर्देशों के जरिए 22.56 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए थे। इनसे जुड़े कई मामलों में लगभग 2.50 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। इसमें 101 सोने के सिक्के, 17 सोने की चेन, 9 सोने के ब्रेसलेट, 3 सोने के हार, 3 सोने की अंगूठियां, 6 झुमके, एक सोने की नथ, एक सोने का टीका, एक थार रॉक्स गाड़ी और 2,37,000 रुपये नकद शामिल हैं। जांच से पता चला है कि ये लोग बहुत ही शातिर तरीके से धोखाधड़ी करते थे। इसमें फर्जी कंपनी लेटरहेड, धोखेपूर्ण ईमेल आईडी, 'सोशल इंजीनियरिंग' और 'म्यूल बैंक अकाउंट' का इस्तेमाल किया जाता था। जांच के दौरान पश्चिम बंगाल से जुड़े साथियों के साथ भी इनके अंतरराज्यीय संबंधों का पता चला है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम गाजियाबाद के लोनी निवासी विनय कुमार यादव (36) और नोएडा निवासी अनिल कुमार सहगल (65) बताये गये हैं। मामला बैंक ऑफ इंडिया की राजेंद्र प्लेस शाखा के प्रबंधक की शिकायत पर दर्ज किया गया था। दरअसल पांच अगस्त को एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी निदेशक दीपक मल्होत्रा बताकर बैंक अधिकारी से संपर्क किया और उसने पहले एक करोड़ रुपये की सावधि जमा (एफडी) कराने की बात कही और बाद में कंपनी की चेकबुक खत्म होने का हवाला देकर ईमेल के जरिये भुगतान का अनुरोध किया। पुलिस ने बताया कि इसके बाद कंपनी के आधिकारिक ईमेल पते से मिलती-जुलती आईडी से फर्जी पत्र भेजकर 22,56,922 रुपये दूसरे खाते में हस्तांतरित करने को कहा गया। बैंक अधिकारियों द्वारा दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी ने जल्द भुगतान का दबाव बनाया और इसके बाद आरटीजीएस के जरिये रकम हस्तांतरित कर दी गई। जांच में पता चला कि ठगी की रकम पश्चिम बंगाल में बंधन बैंक के एक म्यूल खाते में भेजी गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी से छह अन्य मामले भी सुलझे हैं और इनमें गुरुग्राम, पलवल, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली और रोहिणी में दर्ज मामले शामिल हैं। इन मामलों में धोखाधड़ी या ठगी के प्रयास की रकम 2.98 करोड़ रुपये, 1.30 करोड़ रुपये, 52.35 लाख रुपये, 20.50 लाख रुपये, 16.65 लाख रुपये और 88 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, विनय यादव एक अन्य मामले में भगोड़ा अपराधी है और जाली नोट के मामले में सात साल से अधिक समय से फरार था। दोनों आरोपियों के खिलाफ गाजियाबाद, डासना, सहारनपुर, अयोध्या और फरीदाबाद समेत कई स्थानों पर वित्तीय धोखाधड़ी के मामले भी दर्ज रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों की मुलाकात जेल में हुई थी और वे कथित तौर पर 'मैजिक पेन' के इस्तेमाल से चेक संबंधी धोखाधड़ी में भी शामिल रहे थे।

दिल्ली में रह रहकर हुई बारिश से बदला मौसम का मिजाज, पारा लुढ़का, आज भी हल्की बूंदाबांदी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में गुरुवार को रह रहकर हुई बारिश से जहां मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया वहीं पारे क नीचे गिरने से सर्दी भी महसूस होने लगी है। इसके अलावा अचानक हुई बारिश ने करवा चौथ पर्व में खलल डालने में भी कोई कमी नहीं छोड़ी। बारिश व आसमान पर काले बादलों के चलते सुहागिनों को चांद के दीदार के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं बाजारों में ब्रिकी के लिए दुकानदार इंतजार ही करते रहे क्योंकि बारिश की वजह से लोग घरों से बाहर निकलने से कतराते रहे। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) का अनुमान है कि शुक्रवार को भी दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। आईएमडी ने दिल्ली में बारिश व तेज हवाओं को लेकर पहल ही ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया। करवा चौथ के मौके पर दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में मौसम ने सुबह से ही अचानक करवट ली और अपना बदला हुआ रूप दिखाया। बाद में शुरू हुआ बारिश का दौर दिनभर व देर रात तक चलता रहा। दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में बारिश ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आईएमडी के अनुसार एकाएक हुई बारिश व तेज हवाओं के बाद अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज हई। सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.6 डिग्री की भारी गिरावट है। वहीं न्यूनतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे है। करवा चौथ व बारिश के चलते कई क्षेत्रों में जाम लगने की खबरें भी सामने आई। ताजा अनुमान में आईएमडी ने बताया है कि शुक्रवार को भी दिल्ली के अनेक हिस्सों में बारिश की संभावना बन रही है। सुबह से ही आसमान पर बादलों का जमावड़ा बना रह सकता है। जबकि दोपहर तक कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी दौरान दिल्ली एनसीआर में 30-50 किलोमीटर प्रति घंटा से हवाएं भी चल सकती है। जबकि तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़त संभव है।

मुख्यमंत्री ने सपरिवार करवा-चौथ की विधिवत पूजा-अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सीएम जन सेवा सदन में गुरुवार को सपरिवार करवा-चौथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि करवाचौथ का यह पावन पर्व पति-पत्नी के बीच अटूट प्रेम, आपसी विश्वास और पूर्ण समर्पण का अनूठा प्रतीक है। यह हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति की उस गहरी परंपरा को जीवंत करता है। समस्त सुहागिनों को करवाचौथ की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी का जीवन प्रेम, सौभाग्य और सुख-समृद्धि सदैव परिपूर्ण रहे।

स्वच्छता सैनिकों को दिपावली से पहले मिलेगा बकाया, महापौर वाही ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के स्वच्छता सैनिकों के लिए खुशखबरी है कि उनकी बकाया राशि का भुगतान दीपावली से पहले होने की पूरी पूरी संभावना बन रही है। इस मुद्दे पर महापौर प्रवेश वाही ने निर्देश जारी कर दिए है। महापौर ने निगमायुक्त संजीव खिरवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वच्छता सैनिकों के लंबित वेतन एवं अन्य बकाया राशि का भुगतान दीपावली से पूर्व किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता सैनिकों के लंबित बकाया का भुगतान यथासंभव 8 नवंबर, 2026 से पहले सुनिश्चित किया जाए। जिससे की वह और उनका परिवार दीपावली का त्योहार धूमधाम से मना सकें। महापौर वाही ने निगम के सभी जोन में कार्यरत स्वच्छता सैनिकों की उपस्थिति की प्रभावी निगरानी करने तथा वेतन भुगतान में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वच्छता सैनिकों के वेतन भुगतान को निर्धारित उपस्थिति प्रणाली से जोड़ने और इस व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। महापौर ने अपने पत्र में कहा कि निगम के सभी जोनों में कार्यरत कर्मचारियों, विशेषकर स्वच्छता सैनिकों की उपस्थिति और वेतन भुगतान की उचित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए वेतन भुगतान को बायोमेट्रिक अथवा आधार-लिंक्ड उपस्थिति प्रणाली से जोड़ने की व्यवस्था लागू की जा सकती है।

भारद्वाज ने सीबीआई से की चावल घोटाले में मंत्री सिरसा को भी जांच में शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मांग की है कि दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को भी सीबीआई चावल घोटाले की जांच में शामिल करे। क्योंकि मंत्री सिरसा ने चावल खरीद को बार-बार कथित मंजूरी दी लेकिन फिर भी आरोपियों की सूची में उनका नाम नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी यह भी मांग करती है कि सीबीआई सभी जरूरी दस्तावेज सुरक्षित करें ताकि मंत्री सिरसा सबूतों से किसी भी तरह से छेड़छाड़ न कर सकें। यह घोटाला अनजाने में नहीं हुआ, बल्कि जानबूझ कर आपराधिक षड्यंत्र के तहत रचा गया है। बाकायदा निलंबित डिप्टी कमिश्नर ने लिखित जवाब में कहा है कि उसने मंत्री सिरसा के दिशा निर्देश पर ही काम किया है। भारद्वाज ने कहा कि यह मांग चावल घोटाला मामले में सीबीआई को दी सप्लीमेंट्री शिकायत मे लिखी है। उन्होंने बताया कि मैंने 24 सितंबर 2026 को दिल्ली के गरीबों के लिए मिले 5 करोड़ किलो सब्सिडी वाले चावल को चुरा कर एक निजी कंपनी को बेचने और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के मामले में सीबीआई को एक सप्लीमेंट्री शिकायत दी है। मैंने इस चावल घोटाले में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की कथित संलिप्तता के पुख्ता दस्तावेजी सबूत दिए हैं। साथ ही उनके अपने डिप्टी कमिश्नर अरुण झा ने विभाग को दिए अपने लिखित जवाब में कई बार उनका नाम लिया है। वह अधिकारी, जिसने अपने लिखित जवाब के अनुसार मंत्री सिरसा के निर्देश पर काम किया था, उसे तुरंत निलंबित कर दिया गया। लेकिन सिरसा अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं और ये मानहानि के मामले हमें भाजपा सरकार की जवाबदेही तय करने से नहीं रोक सकते।

डेढ़ करोड़ के नशीले पदार्थों के साथ चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने दिल्ली एनसीआर में चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुये चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। पुलिस ने आरोपियों से 417 ग्राम एमडीएमए और 105 ग्राम कोकीन जब्त की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.5 करोड़ आंकी गई है। पकड़े गए चार लोगों में से तीन नाइजीरियाई नागरिक हैं, जबकि चौथा भारतीय है। ये सभी निलोठी, चंदर विहार में रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार पकड़े गये चारों लोगों के नाम न्नामदी ओसिटा उर्फ जोहान पीटर (46), विक्टर ओकाफोरो (33), ओबिन्ना माइक अर्नेस्ट (32) और अत्तर सिंह उर्फ लकी (23) बताये गये हैं। यह गिरोह दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन और एमडीएमए की भारी मात्रा में खरीद, स्टोरेज और वितरण में शामिल था। जांच से पता चला है कि आरोपी नशीले पदार्थों की थोक और खुदरा आपूर्ति में सक्रिय रूप से शामिल थे और इस अवैध कारोबार को चलाने के लिए अपने साथियों के एक नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच के दौरान तीनों विदेशी नागरिकों में से कोई भी अपना पासपोर्ट, वीजा या भारत में रहने के लिए कोई अन्य वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसलिए इस मामले की जांच में 'इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट, 2025' की धारा 23 भी जोड़ी गई है।

सांसद मनोज तिवारी ने यमुना में लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- विपक्ष को दी चुनौती
- दिल्ली में डेढ़ साल में 30 किलोमीटर साफ हुई है यमुना

दिल्ली में यमुना नदी की सफाई को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने गुरुवार को यमुना में डुबकी लगाई और दावा किया कि पिछले डेढ़ साल में यमुना नदी के लगभग 30 किलोमीटर हिस्से की सफाई की गई है। उन्होंने इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को भी चुनौती दी है। तिवारी का कहना है कि यमुना की वास्तविक स्थिति जानने के लिए राजनीतिक दलों को नदी के किनारे जाकर जमीनी हकीकत देखनी चाहिए। उन्होंने विपक्षी नेताओं को 29 अक्टूबर को सोनिया विहार पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण करने के लिए आमंत्रित किया था। दरअसल, यमुना की सफाई को लेकर विवाद उस समय बढ़ गया, जब 18 अक्टूबर को मनोज तिवारी ने नदी के पानी से मुंह धोने और जल ग्रहण करने का वीडियो साझा किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके वीडियो को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आईं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने यमुना के प्रदूषण और पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए। इन प्रतिक्रियाओं के बाद तिवारी ने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि केवल सोशल मीडिया पर वीडियो और मीम बनाने के बजाय यमुना के किनारे आकर वास्तविक स्थिति देखनी चाहिए।

भारद्वाज ने भाजपा को दी चुनौती, दम है तो मनोज तिवारी कालिंदी कुंज घाट का पानी पीकर दिखाएं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यमुना नदी की साफ सफाई को लेकर भाजपा सांसद ने मनोज तिवारी को चुनौती दे दी है। भारद्वाज ने चुनौती देते हुए सांसद तिवारी से कहा है कि अगर भाजपा ने यमुना नदी को साफ कर दिया है तो आप कालिंदी कुंज घाट का पानी पीकर दिखाएं। उन्होंने दावा किया कि हमारी तरफ से गत वर्ष भी चुनौती देने पर मनोज तिवारी भाग गए थे और इस बार भी तय है कि वो भाग जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि पल्ला से वजीराबाद तक यमुना का 26 किमी वाला हिस्सा हमेशा साफ ही रहा है, हमारी सरकार में भी था। इसलिए भाजपा ने लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए पिछले साल नकली यमुना बनाई, लेकिन उस समय भी पोल खुल गई थी। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व करीब आते ही भाजपा ने पिछली बार की तरह यमुना का पानी साफ बताने की नौटंकी शुरू कर दी है। गुरुवार को भाजपा ने सांसद मनोज तिवारी का नदी में डुबकी लगाने का एक वीडियो जारी कर यमुना का पानी साफ होने का दावा किया है। भारद्वाज ने कहा कि पहला नाला यानी नजफगढ़ ड्रेन सिग्नेचर ब्रिज के पास वजीराबाद में यमुना में गिरता है। यह 862 एमजीडी का नाला है जो दिल्ली में प्रवेश के 26 किमी बाद पहली बार यमुना को प्रदूषित करता है। जबकि उससे पहले का हिस्सा हमेशा साफ ही रहता है। भारद्वाज ने कहा कि पिछले साल बिसलेरी के पानी से नकली यमुना बनाने में जनता का पैसा बर्बाद किया था और पोल खुलने पर प्रधानमंत्री को उसमें डुबकी लगाने का अपना प्लान रद्द करना पड़ा था।

मंत्री प्रवेश ने चिराग दिल्ली और आईआईटी दिल्ली फ्लाईओवर का किया दौरा

फ्लाईओवरों के नीचे खाली जगहों को विशेष थीम के रूप किया जा रहा विकसित : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के फ्लाईओवरों के नीचे की खाली और अक्सर उपेक्षित पड़ी जगहों को अब थीम आधारित सार्वजनिक स्थलों में बदला जा रहा है। दिल्ली सरकार का लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) बड़ी कंपनियों को साथ लेकर उनके कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से इन जगहों को गोद दिलवा रहा है, ताकि उनका सौंदर्यीकरण और रखरखाव हो सके। यह बात गुरुवार को दिल्ली के लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने चिराग दिल्ली और आईआईटी दिल्ली फ्लाईओवर का दौरा कर जमीन पर चल रहे काम और उसकी प्रगति का जायजा लेने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर 2025 को हुए समझौता ज्ञापन के तहत इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने पांच फ्लाईओवर और अरबिंदो मार्ग के एक हिस्से को गोद लिया है। इनमें दक्षिण दिल्ली के चिराग दिल्ली, पंचशील और आईआईटी दिल्ली फ्लाईओवर, तथा उत्तर दिल्ली के पंजाबी बाग और मुकरबा चौक फ्लाईओवर शामिल हैं। इंडियन ऑयल इन सभी जगहों का तीन साल तक रखरखाव करेगा। सभी जगहों पर एक जैसा काम करने के बजाय इंडियन ऑयल ने हर साइट के आसपास के इलाके का अध्ययन किया और वहां के माहौल के हिसाब से थीम तय की। चिराग दिल्ली फ्लाईओवर के नीचे जमीन को प्रकृति एवं वन्यजीव थीम के रूप विकसित की जाएगी। पंचशील फ्लाईओवर के नीचे की जमीन को भारतीय शास्त्रीय नृत्य, आईआईटी दिल्ली फ्लाईओवर के नीचे की जमीन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पंजाबी बाग फ्लाईओवर के नीचे की जमीन को योगशाला, मुकरबा चौक फ्लाईओवर के नीचे की जमीन को इंटर ट्रांजिट हब और अरबिंदो मार्ग के एक हिस्से को जीवंत और रंग-बिरंगी स्पेस की थीम पर विकसित किया जाएगा। मंत्री प्रवेश ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद से हमने बड़ी कंपनियों के साथ साझेदारी की है और उनके सीएसआर फंड के जरिए उनसे फ्लाईओवरों के नीचे की जगहों को गोद दिलवाया है। हमने जितने भी एमओयू साइन किए हैं, उनमें दो से तीन साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी तय है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि इंडियन ऑयल ने पांच फ्लाईओवरों की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने आसपास के इलाकों का अध्ययन किया है और हर जगह के हिसाब से अलग थीम ला रहे हैं। दिल्ली को सुंदर बनाने और राष्ट्रीय राजधानी की गरिमा बनाए रखने के लिए हमारा पीडब्ल्यूडी विभाग और हमारी सरकार दिन-रात काम कर रहे हैं, ताकि हमारी सड़कें और बेहतर दिखें।

चिराग दिल्ली फ्लाईओवर: प्रकृति एवं वन्यजीव

दक्षिण दिल्ली के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक, चिराग दिल्ली में फ्लाईओवर के नीचे की जगह को प्रकृति एवं वन्यजीव थीम पर एक हरे-भरे कोने में बदला जा रहा है। दीवारों पर बनी कलाकृतियां और इंस्टॉलेशन दिल्ली और देश के पक्षियों, जानवरों और पेड़-पौधों को शहर के बीचों-बीच ले आएंगे, और चारों ओर हरियाली होगी। यहां से रोज गुजरने वाले हजारों लोगों के लिए यह बेरंग अंडरपास अब शहर की प्राकृतिक धरोहर की याद दिलाएगा।

फ्लाईओवरों के नीचे बनेंगे 400–500 पुलिस बूथ

प्रवेश ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अपने फंड से और दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल में शहर भर के फ्लाईओवरों के नीचे 400 से 500 पुलिस बूथ बना रहा है। इससे खाली पड़ी जगह का इस्तेमाल लोगों की सुरक्षा के लिए होगा और व्यस्त चौराहों व सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी दिखेगी। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवरों के नीचे की जगह दिल्ली के लोगों के काम आनी चाहिए। पीडब्ल्यूडी ये बूथ अपने पैसे से बनाकर दिल्ली पुलिस को सौंप रहा है। जब किसी व्यस्त चौराहे पर पुलिस बूथ होता है, तो लोग ज़्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं और पुलिस भी जल्दी पहुंच पाती है। हम यह काम दिल्ली पुलिस के साथ पूरे तालमेल में कर रहे हैं, और एक-एक फ्लाईओवर करके पूरे शहर में यह काम आगे बढ़ेगा।

कर्मचारी को बंधक बनाकर करोड़ों की लूट

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके में एक कार्यालय से चार नकाबपोश लोग गन प्वाइंट पर 2.30 करोड़ रुपये लूट ले गये। यह वारदात बुधवार को चांदनी चौक के पास कूचा बृजनाथ में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक कंपनी के कार्यालय में अंजाम दी गई। इस दफ्तर में नकदी का लेनदेन किया जाता है। पुलिस के मुताबिक कार्यालय में एक कर्मी अकेला था तभी चार नकाबपोश लोग पिस्तौलों के साथ अंदर दाखिल हुए। आरोपियों ने कर्मचारी पर पिस्तौल तान दी, उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि शोर मचाया तो उसे चाकू मार देंगे। फिर उन्होंने उसे एक कोने में बैठाया और अलमारी की चाबी छीन अंदर रखे 2.30 करोड़ रुपये एक बैग में भरे। जाते समय आरोपी कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। कर्मचारी ने बाद में कंपनी के मालिक और पुलिस को घटना की जानकारी दी। लूट की सूचना पाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस बाबत गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच के लिये कई टीमें गठित की गई है। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक छानबीन के दौरान सामने आया कि आरोपी पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने पहले से खड़ी कार में बैठकर भागे। उनकी पहचान करने और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमन मोंगा** निवासी 294/13, रणजीत नगर, शिव चौक, दक्षिण पटेल नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 189/2021 धारा 34/354(ए)/498ए/509/406 भा.द.स. थाना मोती नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रमन मोंगा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रमन मोंगा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 189/2021 धारा 34/354(ए)/498ए/509/406 भा.द.स. थाना मोती नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रमन मोंगा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो। आदेशानुसारः **सुश्री दीपिका गोयल शौकीन,** न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट)–03, (पश्चिम), कमरा नं. 245, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15588/WD/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPc देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजीव कुमार यादव पुत्र राजदेव यादव निवासी सी–8/3, पांडव नगर दिल्ली, स्थाई पता ग्राम सोरमोहन पुर पुलिस थाना सदर, जिला धारबंगा, बिहार** ने **Case No. 10632/22 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव कुमार यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीव कुमार यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case No. 10632/22 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजीव कुमार यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर–पश्चिम
DP/15106/NW/2026(Court Matter) रोहिणी न्यायालय, नई दिल्ली

त्योहारों में मिलावटखोरों पर कार्रवाई जारी, तीन स्थानों पर छापेमारी

जांच में तेजी लाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग बनेगा हाईटेक, सरकार बढ़ायेगी स्टाफ : सीएम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया जा रहा है। स्टाफ की संख्या में भी बढ़ोतरी की जा रही है ताकि अनियमितताओं पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस बात की जानकारी गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से लैस किया जा रहा है ताकि नमूनों की जांच की प्रक्रिया में तेजी आए और अनियमितता पाए जाने पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। विभाग में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागों से भी स्टाफ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी, ताकि अभियान को अधिक व्यापक बनाया जा सके और राजधानी के ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी और कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ दिल्ली सरकार का अभियान लगातार जारी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें राजधानी के विभिन्न इलाकों में निगरानी और छापेमारी कर रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भोगल मार्केट, दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के नजफगढ़ मार्केट और उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शिव विहार में कार्रवाई की गई। इन तीनों स्थानों पर कुल 948.9 लीटर घी जब्त किया गया। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने की भी सलाह दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने बुधवार को भोगल और नजफगढ़ मार्केट में घी के कुल 15 नमूने एकत्र किए। कार्रवाई के दौरान भोगल मार्केट से 389.9 लीटर और नजफगढ़ मार्केट से 338 लीटर घी जब्त किया गया। इसके अलावा उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शिव विहार में दिल्ली पुलिस की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई के दौरान 221 लीटर घी जब्त किया गया। विभाग के अनुसार घी के नमूनों को निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हेल्पलाइन पर भी करें शिकायत

मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा है कि मिलावट के मसले पर किसी को भी नहीं छोड़ना है, चाहे वे ब्रैंडेड कंपनियां ही क्यों न हों। इस मसले पर सघन जागरुकता अभियान भी जल्द शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मिलावट के खिलाफ कार्रवाई केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे वर्ष प्रभावी ढंग से जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि खाद्य पदार्थों में मिलावट, खराब गुणवत्ता या एक्सपायर्ड उत्पादों की बिक्री से संबंधित कोई शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग को इसकी सूचना दें। इसके लिए विभाग की हेल्पलाइन 1800-11-3921 पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।

जवाबदेही के साथ होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि खाद्य पदार्थों की शुद्धता केवल नियमों के पालन का विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक के स्वास्थ्य, विश्वास और सुरक्षा से जुड़ा सवाल है। सरकार की जिम्मेदारी है कि आम लोगों को इस भरोसे के साथ खाद्य सामग्री उपलब्ध हो कि उसकी गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। सरकार का उद्देश्य केवल मिलावट के मामलों को पकड़ना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें प्रभावी निगरानी, आधुनिक जांच सुविधाओं, पर्याप्त मानव संसाधन और त्वरित कार्रवाई के जरिए मिलावट करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके।

भाषा राष्ट्र की आत्मा है और साहित्य उसके विचारों एवं मूल्यों को बनाता है स्थायी : विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाषा राष्ट्र की आत्मा है और साहित्य उसके विचारों एवं मूल्यों को स्थायी बनाता है। किसी देश की पहचान केवल उसकी भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि उसकी भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विरासत से निर्मित होती है। यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित 'रचयिता साहित्य उत्सव 2026' के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाषा, साहित्य और राष्ट्रीय पहचान एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारत की सभ्यतागत विरासत को सुरक्षित रखने के लिए अपनी भाषाई विरासत का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। गुप्ता ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह किसी समाज की चेतना, भावनाओं, परंपराओं और सामूहिक स्मृतियों को भी अभिव्यक्त करती है। कबीर, सूरदास, मीराबाई और तुलसीदास जैसे साहित्यकारों के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की साहित्यिक परंपराओं ने क्षेत्रीय भाषाओं को समृद्ध करने के साथ-साथ देश को एक साझा सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि साहित्य भौगोलिक और सामाजिक सीमाओं से परे जाकर सामूहिक ज्ञान को संरक्षित करता है तथा पीढ़ियों के सुख-दुःख, संघर्षों और आकांक्षाओं को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। गुप्ता ने कहा कि भारत में विदेशी शासन के अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लंबे राजनीतिक पराधीनता के दौर में भी भारतीय भाषाओं और साहित्यिक कृतियों ने देश की सांस्कृतिक चेतना को जीवित बनाए रखा। उन्होंने जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजरायल के उदाहरण देते हुए कहा कि भाषा और साहित्य राष्ट्रीय पहचान को सशक्त बनाने, सांस्कृतिक आत्मविश्वास को पुनर्जीवित करने तथा किसी राष्ट्र के बौद्धिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गुप्ता ने भारतेंदु हरिश्चंद्र और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय जागरण और शिक्षा में भारतीय भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बच्चे अपनी भाषा में पढ़ाए जाने पर विषयों को अधिक प्रभावी ढंग से सीखते और समझते हैं। उन्होंने रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और सुब्रमण्यम भारती के योगदान को भी रेखांकित किया, जिनकी साहित्यिक रचनाओं ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया और स्वतंत्रता आंदोलन की भावना को मजबूत बनाया।

उन्होंने कहा कि भाषाई विविधता हमारी शक्ति है और अन्य भाषाओं को सीखने के महत्व को कम किए बिना भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान एवं प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

दोसांझा के कार्यक्रम के चलते दिल्ली मेट्रो ने की व्यवस्था, आधी रात 12 बजे तक चलेगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले ऑरा इंडिया टूर 2026 के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने कुछ सुविधाएं देने की घोषणा की है। डीएमआरसी ने घोषणा करते हुए कहा है कि दोसांझ के कार्यक्रम के चलते 30 अक्टूबर 2026 शुक्रवार को अपनी अधिकांश लाइनों पर ट्रेन सेवाओं को रात 12 बजे तक चलाएगी। डीएमआरसी ने बताया कि अनुसार 30 अक्टूबर के दिन एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और रैपिड मेट्रो, गुरुग्राम लाइन को छोड़कर, सभी मेट्रो लाइनों पर मेट्रो ट्रेन सेवाओं को सामान्य समय से आगे तक बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम खत्म होने के बाद दर्शकों की भीड़ को आसानी से बाहर निकालने के लिए पूरे नेटवर्क पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी। अगर यात्रियों की संख्या अचानक बहुत बढ़ जाती है, तो जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल के लिए अतिरिक्त ट्रेनें भी तैयार रखी जाएंगी। इसके अलावा, उस दिन सेवाओं का समय बढ़ने की वजह से डीएमआरसी मोबाइल ऐप (दिल्ली मेट्रो सारथी) पर क्यूआर टिकट खरीदने का समय भी एक घंटे के लिए बढ़ा दिया जाएगा। डीएमआरसी का कहना है कि भारी दर्शकों के अनुमान के तहत आसानी से अंदर बाहर निकलने के लिए जेएलएन स्टेडियम मेट्रो स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण इंटरचेंज स्टेशनों पर विशेष इंतजाम किए हैं।

शिक्षा समिति ने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के स्कूली बच्चों को अब शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कार देने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। इस बारे में शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने बताया की महापौर प्रवेश वाही की सहमति से शिक्षा के साथ संस्कार, बेहतर भविष्य का आधार पहल की शुरुआत की है। जिसके तहत निगम के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मूल्य, अच्छे संस्कार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। वर्मा ने बताया कि समिति में गोविंद राम अग्रवाल, कुलदीप चौहान, इंद्रा शर्मा, विदुषी शर्मा और गजे सिंह शामिल है, यह सभी शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य और समाज एवं परिवार के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराना भी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, निगम के शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करने तथा वर्तमान में विद्यालयों में मूल्यपरक शिक्षा की स्थिति का आकलन करने के लिए उप निदेशक (शिक्षा) अनिल कुमार, को विभागीय समन्वयक तथा शैक्षिक समन्वयक (मुख्यालय) कुमार अखिलेश को सहयोग हेतु सम्मिलित किया गया है।





खबर संक्षेप



पीजी कॉलेज का नाम अब अजित सिंह के नाम पर होगा

गाजियाबाद। राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह ने जनता पी जी कॉलेज पतला का नाम बदलकर 'चौधरी अजित सिंह जनता पी जी कॉलेज' किए जाने पर बधाई दी है। साथ ही शासन- का आभार प्रकट किया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा गाजियाबाद के जनता पी जी कॉलेज पतला का नाम बदलकर 'चौधरी अजित सिंह जनता पी जी कॉलेज' किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया जाना अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है यह निर्णय केवल एक शिक्षण संस्थान का नाम परिवर्तन नहीं बल्कि किसानों, ग्रामीण भारत और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले श्रद्धेय चौधरी अजित सिंह जी के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है मैं वह मेरा पूरा समाज प्रत्येक समाज का प्रतीक व्यक्ति माननीय मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

317 युवा नागरिकों ने ली लोकतांत्रिक शपथ



गाजियाबाद। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, गाजियाबाद द्वारा एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में विकसित भारत युवा संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 317 युवा नागरिकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाना, सूचित सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करना था। यह कार्यक्रम देशभर के 500 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 26 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी विकसित भारत युवा संवाद अभियान का हिस्सा था।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों का आदान-प्रदान करना

सीपीएसडीआर द्वारा 5वीं कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन सीएमई का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

क्लिनिकल परफ्यूजनिस्ट सोसाइटी ऑफ दिल्ली रीजन सीपीएसडीआर द्वारा होटल क्राउन प्लाजा में 5वीं कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम परफ्यूजन 360 बियोंड दा बॉउड्रीज रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परफ्यूजन के क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों, आधुनिक तकनीकों और क्लिनिकल अनुभवों का आदान-प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. कमला राणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर सीपीएसडीआर के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं वाइस प्रेसिडेंट अरुण कुमार, जनरल सेक्रेटरी संदीप कडंगा तथा मैरिल की ओर से श्री राघव की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। सीएमई में दिल्ली एनसीआर के विभिन्न अस्पतालों से आए वरिष्ठ एवं युवा परफ्यूजनिस्टों ने भाग लिया। वैज्ञानिक सत्रों के दौरान कार्डियोपल्मोनरी बाईपास, एक्स्ट्राकॉर्पोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सीजनेशन आधुनिक परफ्यूजन तकनीकों, जटिल कार्डियक सर्जरी के दौरान आने वाली चुनौतियों और रोगी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक चर्चा की गई।

रोगी सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक चर्चा की

नवीनतम तकनीकों की जानकारी को आवश्यक बताया



पेशेवर सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया

कार्यक्रम के माध्यम से परफ्यूजनिस्टों के तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और पेशेवर सहयोग को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था में परफ्यूजनिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा मरीजों की सुरक्षित और प्रभावी देखभाल के लिए निरंतर प्रशिक्षण एवं नवीनतम तकनीकों की जानकारी को आवश्यक बताया। अरुण कुमार ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी एवं वाइस प्रेसिडेंट सीपीएसडीआर ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम परफ्यूजनिस्टों को नई तकनीकों से परिचित कराने, विलनिकल अनुभव सांझा करने और पेशेवर दक्षता बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सीपीएसडीआर भविष्य में भी परफ्यूजन समुदाय के शैक्षणिक विकास और पेशेवर उत्थान के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों, आयोजन टीम तथा सहयोगी संस्था मैरिल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सीपीएसडीआर के जनरल सेक्रेटरी संदीप कडंगा ने कहा की है कि इस प्रकार के आयोजन परफ्यूजन के क्षेत्र में वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार और आपसी सहयोग को नई दिशा प्रदान करेंगे।

फरीदाबाद में बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त व प्रदेशाध्यक्ष राव ने कांग्रेस को रैली की सफलता की सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली को सफल बनाने के लिए हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह बृहस्पतिवार को फरीदाबाद पहुंचे और सर्किट हाउस में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली और कांग्रेसी नेताओं से रूबरू हो प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में लोगों को दिल्ली रैली में ले जाने की जिम्मेदारी लगाई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की।

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि ने हरियाणा में मैनेजमेंट व इंतजाम से चुनाव आयोग का दुरुपयोग करके, साजिश षड्यंत्र रचकर, काले धन का दुरुपयोग करके वोट चोरी से सत्ता हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में वोट चोरी का खेल खेल रही है और उस खेल का सबसे बड़ा भुक्तभोगी हरियाणा है। हरियाणा में मात्र आधे प्रतिशत वोट के अंतर से इन्होंने सत्ता हासिल की।



उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बीजेपी के पदाधिकारी के रूप में कार्य कर रहे है। इसलिए कांग्रेस देशव्यापी आन्दोलन चला रही है और उनका यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते।

उन्होंने दावा किया कि एक नवम्बर को दिल्ली की रैली एक महारैली में तब्दील होगी। जिसमें हरियाणा की भी बडी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जाति-धर्म की राजनीति कर लोगों को बांटने का काम कर रही है और देश में वोट चोरी से सरकार बनाई जा रही। भाजपा राज में महंगाई चरमसीमा पर है और बेरोजगार बढ़ रही हैर जिससे युवा भटक रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह भारी संख्या में लोगों को लेकर रैली को कामयाब बनाएं।

रैली में हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने सभी का स्वागत करते हुए दावा किया कि रैली में फरीदाबाद से हजारों की संख्या में लोग शिरकत करेंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व को आश्वास्त किया कि रैली की तैयारियों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में एआइसीसी की आब्जवर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, पूर्व नीरज शर्मा, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर, विधान प्रताप सिंह, डॉ सौरभ शर्मा, राजाराम ठाकुर, मंयक चौधरी, विनोद कौशिक, जगन डागर, उमेश कौशिक, सुमित गौड़, प्रेम यादव, दया किशन, योगेश ढींगडा, विशाल पांडेय, अनिल शर्मा, रेणु चौहान, नितिन सिंगला, मोहसिन खान, एन.के. शर्मा, अनुज शर्मा, अर्जुन सैनी, दिनेश शर्मा, बलजीत अरोडा, सरला भामोत्रा, अरुण सिंह, लक्ष्मण तंवर, रितु कुण्डु, बंटी हुडा, हातिम अधाना, गौरव ढींगडा, उपकार सिंह, विकास फागना, संजय सोलंकी, गिरीश भारद्वाज, दीपक चौधरी, मनोज अग्रवाल, जामिल मालिक, मोनू ढिल्लो, ओम प्रकाश पंचाल, विकास दायमा, धर्म, रिंकू चंढिला आदि।

नियम-आधारित निवेश का बढ़ रहा चलन, फैक्टर स्ट्रैटेजी से पोर्टफोलियो में विविधीकरण का मौका

शेयर बाजार में निवेश के बदलते रुझान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के प्रिंसिपल-इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी चिंतन हरिया के अनुसार, शेयर बाजार में निवेश के बदलते रुझानों के बीच नियम-आधारित और फैक्टर आधारित निवेश रणनीतियों की लोकप्रियता बढ़ रही है। पैसिव निवेश के तहत अब निवेशकों के पास पारंपरिक इंडेक्स फंड के अलावा साइज, वैल्यू, क्वालिटी, मोमेंटम और लो वोलैटिलिटी जैसे कारकों पर आधारित फंड चुनने का विकल्प भी है। इन रणनीतियों के जरिए निवेशक अपने पोर्टफोलियो में विविधीकरण बढ़ा सकते हैं। पारंपरिक पैसिव फंड बाजार पूंजीकरण के आधार पर कंपनियों को वेटेज देते हैं, आधारित रणनीतियां शेयरों के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं। छोटी कंपनियों की विकास क्षमता, वैल्यू अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध शेयरों, क्वालिटी मजबूत वित्तीय स्थिति, मोमेंटम हालिया प्रदर्शन और लो वोलैटिलिटी कम उतार-चढ़ाव को दर्शाता है।

निवेश रणनीतियों की बढ़ रही लोकप्रियता

वर्ष 2016 में वैल्यू, 2017 और 2021 में मोमेंटम, 2020 में क्वालिटी तथा 2022 से 2025 के दौरान वैल्यू फैक्टर का प्रदर्शन प्रमुख रहा। इससे स्पष्ट होता है कि बाजार की परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग फैक्टर का प्रदर्शन बदल सकता है। ऐसे में केवल पिछले रिटर्न के आधार पर निवेश का फैसला करना उचित नहीं है। चिंतन हरिया के अनुसार, लंबी निवेश अवधि वाले निवेशक किसी एक फैक्टर पर अधिक भरोसा कर सकते हैं और अल्पावधि में बाजार से कम रिटर्न मिलने की संभावना स्वीकार कर सकते हैं। वहीं, अपेक्षाकृत स्थिर परिणाम चाहने वाले निवेशक अपने मुख्य इंडेक्स निवेश के साथ सीमित हिस्से में फैक्टर आधारित निवेश पर विचार कर सकते हैं। मल्टी-फैक्टर रणनीति विभिन्न कारकों में निवेश बांटकर विविधीकरण बढ़ाने में मदद कर सकती है, क्योंकि बाजार के अलग-अलग चरणों में अलग-अलग फैक्टर बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।



केंद्रीय टीम ने किया धान की पराली प्रबंधन एवं कृषि यंत्रों के उपयोग का स्थलीय निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में धान की पराली का बिना जलाए उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने, उपलब्ध कृषि यंत्रों के उपयोग की स्थिति का सत्यापन करने तथा पराली प्रबंधन के संबंध में किए जा रहे दावों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम द्वारा जनपद गाजियाबाद में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण समिति में डॉ. बी. के. पाणिग्रही, आई.ई., भोपाल, भारत सरकार; उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद; जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद; तथा श्री सतेंद्र प्रताप सिंह, सहायक प्रदूषण अभियंता, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सम्मिलित रहे। निरीक्षण के प्रथम दिवस विकासखंड मुरादनगर एवं भोजपुर तथा आज दूसरे दिवस लोनी एवं रजापुर क्षेत्र में स्थित कस्टम हायरिंग सेंटर (एवं किसानों के खेतों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। समिति द्वारा किसानों के खेतों पर सीधे पहुँचकर उपलब्ध कृषि यंत्रों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन की वास्तविक स्थिति तथा पराली प्रबंधन के संबंध में किए जा रहे दावों की सत्यता की जानकारी प्राप्त की गई। उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 30 कस्टम हायरिंग सेंटर संचालित हैं। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर, रीपर, एम.बी. प्लाउ, लेजर लैंड लेवलर, डिस्क हैरो एवं अन्य कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन यंत्रों की सहायता से धान की पराली का इन-सीटू (एवं एक्स-सीटू प्रबंधन किया जाता है। किसानों से अपील की गई कि वे अपने मोबाइल फोन में फार्म ऐप डाउनलोड कर डिजिटल कृषि व्यवस्था का लाभ उठाएँ। इस ऐप के माध्यम से किसान अपने आसपास उपलब्ध कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उनकी बुकिंग कर सकते हैं तथा आवश्यकता के समय उचित किराये पर कृषि यंत्रों का उपयोग कर सकते हैं।



- कृषि यंत्र उपलब्ध कराते हुए सेवाएं प्रदान करें

तकनीक से बिना सर्जरी ब्रेन की गतिविधियों को नियंत्रित करने में मिलेगी मदद

वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स में एडवांस्ड न्यूरोमॉड्यूलेशन यूनिट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद ने एडवांस्ड न्यूरोमॉड्यूलेशन यूनिट की शुरुआत की। इस यूनिट में रिपीटेटिव ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन (आरटीएमएस) तकनीक उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से बिना सर्जरी मैग्नेटिक पल्स की मदद से ब्रेन के विशेष हिस्सों की गतिविधियों को प्रभावित किया जा सकता है। यूनिट का उद्घाटन अस्पताल के फाउंडिंग मेंबर ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ डॉ. राजीव सिंघल ने किया।

इस तकनीक का उपयोग स्ट्रोक के बाद हाथ-पैरों की गतिविधियों में कमी, मूवमेंट डिसऑर्डर, पुराने दर्द, माइग्रेन, टिनिटस, डिप्रेशन और



निकोटीन की लत छुड़ाने जैसे मामलों में संभावित उपचार विकल्प के रूप में किया जा सकता है। उपचार मरीज की स्थिति, मेडिकल एविडेंस और विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर तय किया जाएगा। अस्पताल की प्रोग्राम क्लिनिकल डायरेक्टर न्यूरोलॉजी डॉ. सुषमा शर्मा ने बताया कि आरटीएमएस तकनीक ब्रेन की न्यूरल एक्टिविटी को नियंत्रित करने में मदद करती है। इसे मौजूदा उपचार और रिहैबिलिटेशन के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। बेहतर परिणामों के लिए मरीज का उचित चयन, व्यक्तिगत उपचार योजना और लगातार चिकित्सकीय निगरानी जरूरी है। अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. कर्नल नवनीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि नई यूनिट शुरू होने से फरीदाबाद और आसपास के मरीजों को आधुनिक न्यूरोलॉजी उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में उनकी जरूरत के अनुसार उपचार उपलब्ध कराना है। नई यूनिट के माध्यम से अस्पताल ने अपनी न्यूरोसाइंसेज सेवाओं को मजबूत किया है। नई उपचार तकनीकों के जरिए मरीजों को व्यापक न्यूरोलॉजिकल केयर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है।

हरियाणवी रागनी कम्पीटिशन का आयोजन किया जाएगा

हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद का 14 वां सर्कल कबड्डी कप 30 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद द्वारा 14 वां सर्कल कबड्डी कप शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए हरियाणा युवा संघ फरीदाबाद के संस्थापक अनिल दहिया, प्रधान संजय खासा, महासचिव संदीप पहल, कोषाध्यक्ष अजय दहिया ने बताया कि हरियाणा युवा संघ प्रत्येक वर्ष सर्कल कबड्डी कप का आयोजन करता आ रहा है। इस बार 14 वां सर्कल कबड्डी कप दशहरा मैदान फरीदाबाद में शुक्रवार 30 अक्टूबर को सुबह 9 बजे हवन के बाद प्रारंभ होगा।

इस सर्कल कबड्डी कप में पहला ईनाम 1 लाख 1 हजार रूपए का, दूसरा ईनाम 71000 रूपए का, तीसरा ईनाम 41000 रुपए, पांच से



आठवां 5100-5100 का रखा गया है। वहीं विशेष रूप से रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में पहला ईनाम 21000, दूसरा ईनाम 11000 के अलावा शक्तिमान और शेखु का एक मैच पहला ईनाम 7100 रूपए व दूसरा ईनाम 5100 दिया जाएगा।

विशेष आकर्षण का केन्द्र बुजुर्गों की दौड़ होगी जिसमें विजेताओं को नकद राशि दी जाएगी। वहीं बैस्ट रैडर व बैस्ट कैचर को मोटरसाईकिल भेंट की जाएगी। इस बार हरियाणा एवं पंजाब सहित अन्य प्रदेशों की टीमें भाग लेगी।

फरीदाबाद से गिरफ्तार हुआ पंजाब हैंड ग्रेनेड हमले का आरोपी

फरीदाबाद। पंजाब में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंजाब पुलिस, हरियाणा पुलिस ने फरीदाबाद के थाना छांयसा अन्तर्गत छांयसा झुग्गी से कुलवंत अली नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह अपने किसी रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी के संपर्क में था।

उसे 13 सितंबर 2026 को पंजाब के फाजिल्का जिले के जलालाबाद में हुए हैंड ग्रेनेड हमले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इसके अलावा वह राजस्थान के श्रीगंगानगर में 8 किलो आरडीएक्स की बरामदगी से जुड़े मामले में भी वांटेड था। पुलिस के अनुसार कुलवंत अली मूल रूप से पंजाब के फिरोजपुर जिले का रहने वाला है। जलालाबाद में हैंड ग्रेनेड हमले के बाद से ही सुरक्षा एजेंसियां उसकी तलाश कर रही थीं। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर फाजिल्का पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जांच एजेंसियों के लिए कुलवंत की गिरफ्तारी इसलिए भी अहम मानी जा रही है, क्योंकि उसका नाम दो अलग-अलग राज्यों में गंभीर मामलों से जुड़ा है। जलालाबाद हमले और श्रीगंगानगर में आरडीएक्स बरामदगी के मामलों में उसकी क्या भूमिका रही है।

टक्कर इतनी जबदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए

बालाजी से लौट रहे परिवार की कार बस में घुसी, पति-पत्नी और बच्ची की मौत, 2 बच्चे गंभीर, पुलिस ने निरीक्षण कर जांच शुरू की

गुरुग्राम ⏭ धर्मेंद्र कौशिक

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोहना एरिया में वीरवार तड़के भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी और उनकी बच्ची की मौत हो गई, जबकि परिवार के दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। बालाजी के दर्शन कर दिल्ली लौट रही परिवार की कार सड़क किनारे खड़ी टूरिस्ट बस में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला



हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों और दुर्घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बिहार के बांका जिला निवासी बबन कुमार करीब 14 वर्षों से परिवार के साथ दिल्ली के रजोकरी में किराये पर रह रहे थे। बबन कुमार पेशे से टैक्सी चालक थे। वह पत्नी रूपा देवी और बच्चों के साथ राजस्थान स्थित बालाजी मंदिर में दर्शन करने गए थे। परिवार कार से दिल्ली लौट रहा था।

टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त

बस से टकराने के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बचाव दल ने दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मीनाक्षी पत्नीः शकु पताः मकान नं. 79, प्रथम एवं द्वितीय तल, के–ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, दिल्ली–110083** ने case **CT No. 155/2022, थानाः भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CT No. 155/2022, थानाः भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मीनाक्षी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री कुलजीवन
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत)
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं. 316
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15594/NW/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. मोहम्मद अमीन पुत्रः तोरशी 2. अब्दुल रज्जाक पुत्रः हसन दोनों निवासीः जे–3/34, प्रथम तल, खिड़की एक्सटेंशन, मालवीय नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 39/2019 U/s 21/25/29 NDPS Act, थानाः स्पेशल सेल, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद अमीन 2. अब्दुल रज्जाक** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद अमीन 2. अब्दुल रज्जाक** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 39/2019 U/s 21/25/29 NDPS Act, थानाः स्पेशल सेल, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. मोहम्मद अमीन 2. अब्दुल रज्जाक** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 08.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा शुक्ला
विशेष अनन्य कोर्ट/विशेष न्यायाधीश
एनडीपीएस–09, आरएसीसी, रूम नं. 706
राउज एवेन्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली

DP/15578/SPL.CELL/2026 (Court Matter)

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)
CIN-L74899DL1960GOI003335

संपत्ति परामर्शदाताओं का नामिकायन

एनबीसीसी, **EOI NO. NBCC/CGM/RE/Property Consultant/2026/49** दिनांक **16.10.2026** द्वारा रियल एस्टेट और संबंधित परियोजनाओं के लिए सम्यक तत्परता, साध्यता अध्ययन और अन्य संबंधित अध्ययन करने हेतु संपत्ति परामर्शदाताओं के रूप में नामिकायन के लिए व्यावसायिक फर्मों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है ।

निबंधन और शर्तों सहित दस्तावेज **https://eprocure.gov.in/epublish/app** पर उपलब्ध हैं। प्रस्ताव, दिनांक **04.11.2026** को **03:00 PM बजे** अपराह्न तक अथवा इससे पहले जमा कर दिए जाने चाहिए ।

इस प्रकाशन का अनुशेष शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा और समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा।

रियल एस्टेट प्रभाग (भूतल), एनबीसीसी प्लेस,
भीष्म पितामह मार्ग, नई दिल्ली–110003
ई-मेल : remktgr@nbccindia.com

CBC 20109/12/0003/2627

खबर संक्षेप

लखनऊ, बदायूं समेत 60 जिलों 1 दिन की छुट्टी

लखनऊ। यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के मद्देनजर 30 अक्टूबर को



यूपी के 60 जिलों में एक दिन ही छुट्टी की घोषणा की गई है। लखनऊ, बदायूं, अलीगढ़, प्रयागराज समेत 60 जिलों में 12वीं तक के स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया है। इन जिलों में सरकारी, निजी सभी बोर्ड के स्कूल बंद रहेंगे। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों, अभिभावकों की भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

सेना भर्ती के नाम पर ठगी का खेल बेनकाब

मेरठ। सेना में भर्ती कराने के नाम पर मेरठ में ठगी के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। अतपाल नाम का



जालसाज युवाओं को 3 लाख रुपए में सेना में भर्ती कराने,1 लाख में मेडिकल पास कराने का झांसा दे रहा था। आरोपी ने कई अभ्यर्थियों से एडवांस रकम लेने के साथ उनके मूल दस्तावेज भी हड़प लिए। अमरोहा के दो युवकों समेत तीन अभ्यर्थी इस ठगी का शिकार हुए हैं।

झारखंड होमगार्ड भर्ती बहाली की दौड़ स्थगित

रांची। झारखंड में होमगार्ड भर्ती दौड़ को लेकर अपडेट सामने आया है। रामगढ़ में अर्नब चक्रवात की वजह से बिगड़े मौसम के कारण भर्ती दौड़ को स्थगित कर दिया गया है। पतरातू की महिला अभ्यर्थियों की गुरुवार को होने वाली दौड़ परीक्षा स्थगित, शारीरिक दक्षता परीक्षा अगले आदेश तक टली गई है। तूफान व बारिश के कारण जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है।

बिहार दारोगा परीक्षा के अभ्यर्थी भड़के

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार दारोगा भर्ती की मुख्य परीक्षा रद्द करने के फैसले के खिलाफ अभ्यर्थियों का आक्रोश गुरुवार को सड़क पर फूट पड़ा। एक महीने से धरना देने के बावजूद सुनवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए दारोगा अभ्यर्थियों ने पटना के गांधी मैदान से मार्च निकाला।

प्रदर्शनकारी जेपी गोलंबर पर पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़कर डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ गए। वे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लोक सेवक आवास का घेराव करने की योजना से निकले। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। प्रदर्शन के कारण पटना शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी।

सम्राट का आवास घेरने निकले, पटना पुलिस ने खदेड़ा

बिहार पुलिस दारोगा भर्ती मुख्य परीक्षा रद्द होने के खिलाफ आंदोलन कर रहे अभ्यर्थी गुरुवार को पटना में सड़क पर उतर गए। सीएम आवास का घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने डाक बंगला चौराहे पर रोका। इस दौरान उनकी पुलिस से धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा...



प्रदर्शन की शुरुआत सुबह गांधी मैदान से हुई

दारोगा भर्ती परीक्षा रद्द करने के खिलाफ प्रदर्शन की शुरुआत सुबह गांधी मैदान के गेट नंबर-10 से हुई। अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए अभ्यर्थियों का हुजूम जेपी गोलंबर पहुंचा। वहां पहले से तैनात पुलिस-प्रशासन की टीम ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की। हालांकि, आक्रोशित अभ्यर्थियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ने लगे। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का कहना है कि वे अपनी मांगों को लेकर पिछले एक महीने से गर्दनीबाग धरना स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद शासन-प्रशासन के किसी अधिकारी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। लगातार अनदेखी से नाराज होकर उन्हें सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दारोगा मेंस रद्द करने का फैसला वापस लेने की मांग

अभ्यर्थियों की प्रमुख मांग है कि 1799 पदों के लिए आयोजित बिहार पुलिस दारोगा भर्ती की मुख्य परीक्षा रद्द करने का फैसला वापस लिया जाए और शारीरिक दक्षता परीक्षा की तिथि घोषित की जाए। इसके साथ ही मद्य निषेध कांस्टेबल भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) की तिथि जल्द जारी करने की मांग भी उठाई गई। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं होती और ठोस आश्वासन नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

यूपी में प्रदर्शन किया तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

राजनीतिक विचारधारा नहीं होगी अयोग्यता का पैमाना, हिंसात्मक गतिविधियां होंगी अहम

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज की ओर से जारी निर्देशों के मुताबिक पुलिस को चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट 30 दिन के भीतर देनी होगी...

अगर यूपी में सरकारी नौकरी चाहिए तो यह खबर काफी अहम है। योगी सरकार ने रिजीम चेंज को लेकर सख्त फरमान सुनाया है। कहा है कि अगर हिंसा या प्रदर्शन में शामिल पाए गए तो सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

दरअसल, सरकारी नौकरी के लिए चरित्र सत्यापन से जुड़े नियमों को और सख्त कर दिया गया है। नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि, सरकार ने यह भी साफ किया है कि किसी की राजनीतिक विचारधारा के आधार पर उसे नौकरी के लिए अयोग्य नहीं माना जाएगा। सिर्फ एफआईआर दर्ज होने या जांच लंबित रहने से भी अभ्यर्थी स्वतः अयोग्य नहीं होगा।

राजनीतिक असहमति और हिंसात्मक गतिविधियां दो अलग विषय

जानकारी छिपाया तो चली जाएगी सरकारी नौकरी

सत्यापन लंबित होने पर नहीं रुकेगा नियुक्ति पत्र



हिंसा के जरिए व्यवस्था बदलने वालों पर सख्ती

नई व्यवस्था के तहत ऐसे अभ्यर्थियों के चरित्र सत्यापन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो हिंसा के जरिए मौजूदा व्यवस्था को बदलने की गतिविधियों में शामिल रहे हैं। हत्या, डकैती, दुष्कर्म, महिला की गरिमा भंग करने, भ्रष्टाचार, आतंकवादी गतिविधियों, पेपर लीक और सॉल्वर गैंग जैसे गंभीर मामलों में शामिल पाए जाने पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हिंसक गतिविधियों के जरिए व्यवस्था बदलने के उद्देश्य से काम करने वाले संगठनों से जुड़ाव भी सत्यापन के दौरान अहम माना जाएगा।

सरकार ने चरित्र सत्यापन में राजनीतिक विचारधारा और हिंसक गतिविधियों के बीच अंतर स्पष्ट किया है। किसी अभ्यर्थी के राजनीतिक विचार या शांतिपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों में भागीदारी को अपने आप अयोग्यता का आधार नहीं बनाया जाएगा। इसी तरह केवल एफआईआर दर्ज होने या किसी मामले की जांच लंबित होने से भी अभ्यर्थी को स्वतः सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य नहीं माना जाएगा। फैसला निर्धारित नियमों और सत्यापन में सामने आए तथ्यों के आधार पर लिया जाएगा।

स्पीड, स्केल और कनेक्टिविटी के मंत्र ने बदली उप्र की तस्वीर

सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के जरिए प्रदेशवासियों को 2017 के पश्चात सड़क, रेल, मेट्रो व एयर कनेक्टिविटी की अभूतपूर्व बढ़ोतरी से अवगत कराया। कहा कि स्पीड, स्केल , कनेक्टिविटी के मंत्र ने यूपी की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने लिखा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने स्पीड, स्केल व कनेक्टिविटी के मंत्र से तस्वीर को बदला है। भाजपा की डबल इंजन सरकार बनने से पहले बड़ी आबादी वाले प्रदेश में मात्र डेढ़ एक्सप्रेस-वे थे। आज 10 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं। तब हवाई सेवाएं चुनिंदा शहरों तक सिमटी थीं, आज 12 घरेलू और 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से प्रदेश की उड़ान नई ऊंचाइयों पर है।

एमएलसी चुनाव

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया 'फ्लॉप शो'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विधान परिषद चुनावों में वाराणसी में भाजपा की हार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने भाजपा को 'फ्लॉप शो' बताया। कहा कि इन चुनावों के नतीजों ने 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की प्रस्तावना लिख दी है। उन्होंने इसे भाजपा की शिक्षा और शिक्षकों से जुड़ी नीतियों के खिलाफ जनादेश करार दिया।

अखिलेश यादव ने वाराणसी में मतगणना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा पहले काउंटिंग और फिर री-काउंटिंग में भी हार गई। उन्होंने इसे 'डबल इंजन की डबल हार' बताया। कहा कि चुनाव में पढ़े-लिखे बेरोजगार स्नातकों और अपने भविष्य को लेकर चिंतित युवाओं ने भी फैसला सुना दिया है।

कहा-भाजपा की अंदरूनी फूट बढ़ रही

अखिलेश ने भाजपा के भीतर कथित गुटबाजी का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी की अंदरूनी फूट बढ़ रही है और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। तंज कसा कि भाजपा पहले प्रत्याशियों का सर्वे करा रही थी, लेकिन अब दूरबीन लेकर उम्मीदवार तलाश रही है।

'जो पीड़ित, वो पीडीए'

सपा प्रमुख ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि भाजपा की नीतियों से विभिन्न समाजों के लोग पीड़ित, दुखी, अपमानित महसूस कर रहे हैं। इससे उत्पीड़ित वर्ग एकजुट हो रहे हैं और पीडीए का जनाधार 95 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पीडीए से सपा का आशय पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग से है।

पेज एक का शेष...

समुद्र में जहाजों ...

29 अक्टूबर तक सेबू की यात्रा पर हैं। पूर्व में उन्होंने अमेरिका, जापान सहित कई अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की हैं। जबकि एक अन्य कार्यक्रम में प्रवासी भारतीय समुदाय को संबोधित किया।

कक्षा ज्ञान नहीं आतंकी अभियानों का अनुभवः उन्होंने आतंकवाद का जिक्र करते हुए कहा कि इसके सभी रूपों के समूल नाश तथा सामूहिक क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए भारत प्रतिबद्ध है। क्योंकि आतंकवाद की कोई सीमा नहीं होती। इसलिए हम इस वैश्विक सुरक्षा खतरे को लेकर समूह साझेदारों की साझा क्षमताओं को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर मिले अपने अनुभवों को बांटने के लिए तैयार हैं। आतंकवाद से मुकाबले के लिए चलाए गए अभियानों में नई दिल्ली का बड़ा अनुभव महज कक्षा में मिले सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है। ये दशकों तक सीमापार आतंकवाद की जटिल चुनौती का प्रत्यक्ष सामना करके हासिल किया गया अनुभव है।

सिंदूर से तय की सीमाः उन्होंने कहा, हमारी प्रत्येक रणनीति को वास्तविक परिस्थितियों में चलाए गए सैन्य अभियानों में बड़े पैमाने पर परखने के अलावा उसे अधिक प्रभावी बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर हमारे इसी अनुभव को प्रमाणित करता है। इस अभियान में भारत ने सीमा पार मौजूद आतंकी ढांचों को नेस्तनाबूद किया व राज्य (पाकिस्तान) प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध किसी प्रकार की समझौता न करने वाली स्पष्ट सीमा निर्धारित की। समूह प्रारूप के तहत आतंकवाद-रोधी सहयोग एक अहम क्षेत्र के रूप में शामिल है। इतना ही नहीं भारत, मलेशिया 2024-2027 तक की समय सीमा के लिए आतंकवाद रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहे हैं।

आसियान की केंद्रीयता के समर्थकः राजनाथ के मुताबिक, भारत आसियान की केंद्रीयता और एक खुले हुए, सुरक्षित, मुक्त और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के महत्व को खासा महत्व देता है। जहां शांति, स्थिरता महज आकांक्षाएं नहीं सामूहिक प्रतिबद्धता के परिणाम शामिल हैं। समूह के साथ हमारा जुड़ाव दीर्घकालिक है, जिसका आधार आपसी हित, पारस्परिक सम्मान और व्यावहारिक सहयोग से संबंधित है। इस वर्ष बैठक का विषय, नेविगेटिंग अवर फ्यूचर टूगेदर है। जो हमें ये याद दिलाता है कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी एकजुटता, भौगोलिक, आर्थिक तथा रणनीतिक विविधता का एकजुटता से फायदा उठाने की क्षमता में निहित है।

ऐसी वैश्विक व्यवस्था चाहता भारतः भारत पारस्परिक विश्वास, सहयोग तथा सामूहिक जिम्मेदारी पर बनी हुई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में विश्वास करता है। सहयोग की यही भावना हमें शांति, व्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम बनाती है। उदाहरण के लिए भारतीय नौसेना 2008 से अदन की खाड़ी में तैनात है। तब से हमने किसी तरह की दबावपूर्ण कारवाई, एकतरफा कदम नहीं उठाए हैं। ऐसे समय में जब व्यापार मार्ग सीमा पार बड़े खतरों का सामना कर रहे हैं। नई दिल्ली केवल बयानबाजी तक सीमित रहने के बजाय ठोस कार्रवाई के लिए तैयार है। भारत हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर), आईपीआर में एक भरोसेमंद शुद्ध सुरक्षा प्रदाता के रूप में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

यूथ ब्रिज बनाने का रखा प्रस्तावः उन्होंने कहा, भारत-आसियान रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है। ऐसे में संस्थागत स्तर पर जनता के बीच संपर्क बढ़ाने, डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने, एडीएमएम-प्लस की पहलों के हिसाब से क्षमता निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए रक्षा क्षेत्र में एक समर्पित यूथ ब्रिज स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है।

एक सुरक्षित आईपीआर...

से हमने अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार, अहम समुद्री संचार लाइनों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। जिसे देखते हुए भारत एक भरोसेमंद सुरक्षा प्रदाता के रूप में नौवहन की आजादी, वैश्विक समुद्री कानून के सम्मान सहित एक सुरक्षित, स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) के गठन के लिए प्रतिबद्ध है।

पीड़ित के पूरे ...

की तुलना में डिजिटल अरेस्ट के दर्ज मामलों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

असामान्य लेन-देन...

के दबाव, धमकी अथवा धोखाधड़ी का शिकार होकर ऐसा कर रहा है।

लंबित मामलों के ...

सुधार और कार्यस्थल को अनुकूलित बनाना है।

डीआरडीओ को मिला 35 लाख का राजस्वः संगठन के स्तर पर 360 डिग्री चलाई गई इस कवायद के दौरान काम न आने वाले उपकरण, अनावश्यक फर्नीचर व स्क्रैप सामग्री को साफ किया जा रहा है। जिससे अब तक डीआरडीओ ने 35 लाख रुपए का राजस्व उत्पन्न किया है।

यूं होता अभियान...

ऐतिहासिक पृष्ठों, अभिलेखों का डिजिटलीकरण भी किया गया है।

लोकतंत्र और मताधिकार...

कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और शहर-शहर जनता से संपर्क करने का आह्वान किया। सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित इस महारैली में हरियाणा की ऐतिहासिक भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी।

इनमें करोड़ों की ...

होने की चर्चा है। बरामद रकम की वास्तविक राशि की पुष्टि गिनती पूरी होने के बाद होगी। कार्रवाई के दौरान गांव की बिजली आपूर्ति बंद कराई गई और 40 से अधिक पुलिसकर्मियों ने मकान को घेर लिया। तलाशी के दौरान जमीन की खुदाई कराई गई, जिसमें तीन ड्रम मिले। मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मकान राकेश यादव उर्फ महाकाल का बताया गया है। उसका भाई बबलू यादव कई वर्षों से पुणे में रहता था। कोरोना लॉकडाउन के दौरान 2020 में वह अपने रिश्तेदारों के साथ गांव आया था। राकेश ने पिछले कुछ वर्षों में करीब 50 बीघा जमीन खरीदी और लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से मकान बनवाया। पुलिस ने आयकर विभाग और संबंधित एजेंसियों को सूचना दी है। आयकर विभाग नकदी की गिनती कर रहा है।

'नागपुर' स्नातक सीट ...

पूर्व विधायक सुधाकर कोहाले को 3,271 मतों से हराया। वंजारी को 67,231, जबकि कोहाले को 63,960 वोट मिले। मतगणना मंगलवार सुबह शुरू हुई थी और गुरुवार तड़के पूरी हुई। यह जीत भाजपा के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि नागपुर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का गृह क्षेत्र है। दोनों नेताओं ने कोहाले के समर्थन में प्रचार किया था। पेशे से वकील और शिक्षाविद अभिजीत वंजारी ने 2020 में भी भाजपा उम्मीदवार संदीप जोशी को हराकर यह सीट जीती थी।

गन्ना किसानों की ...

कई किसान संगठनों से मुलाकात के दौरान किसानों ने डीजल, मजदूरी और खाद की कीमतें बढ़ने से खेती की लागत बढ़ने की चिंता व्यक्त की थी। गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने से किसानों को बढ़ी हुई लागत की भरपाई में भी मदद मिलेगी।

किसान होंगे प्रोत्साहित...

अगले वर्ष का भाव पहले से घोषित होने पर किसानों को अपनी खेती की योजना बनाने में आसानी होगी। राष्ट्रीय स्तर पर गन्ने की कमी के बीच यह कदम किसानों को दूसरी फसलों की ओर रुख करने से रोकने में भी मदद करेगा।

यूपी में दीपावली-छठ पर 24 घंटे मिलेगी बिजली

त्योहारों में उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटकर परेशान नहीं करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली, छठ और अन्य त्योहारों पर प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारी तेज कर दी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को त्योहारों के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है, इसलिए अनावश्यक शटडाउन और बार-बार बिजली कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एके शर्मा ने कहा कि त्योहार के समय बकाया वसूली के नाम पर उपभोक्ताओं के कनेक्शन न काटे जाएं। बड़े और संगठित बिजली चोरों को चिह्नित कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए तथा छोटे उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशान न किया जाए। ऊर्जा मंत्री ने झटपट पोर्टल पर विद्युत कनेक्शन को लेकर अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा निरस्त किए गए आवेदनों की समीक्षा कर व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश दिए कि नियमित बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को बकायेदारों के कारण ट्रिपिंग और बिजली कटौती की समस्या न झेलनी पड़े। जहां जरूरत हो, वहां ट्रांसफार्मरों का क्षमता विस्तार तत्काल किया जाए।

ऊर्जा मंत्री ने नवंबर के बिजली बिलों में 9.70 प्रतिशत राहत पर उपभोक्ताओं को बधाई दी। इससे घरेलू, व्यावसायिक सहित अन्य श्रेणियों को लगातार पांचवें महीने सीधा लाभ मिलेगा।नवसृजित नगर पंचायतों की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि इन क्षेत्रों में मुख्यालयों की तर्ज पर निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

नगद राशि व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

पूर्वोत्तर रेलवे के 5 कर्मचारी 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे में सुरक्षित एवं संरक्षित रेल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच रेलकर्मियों को सितंबर 2026 के लिए 'स्टार परफॉर्मर ऑफ द मंथ' संरक्षा पुरस्कार से गुरुवार को सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

पुरस्कार पाने वाले कर्मचारियों ने समयबद्धता, सतर्कता और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के माध्यम से रेल सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा और कार्य के प्रति समर्पण की सराहना की। कहा कि कर्मचारियों की यह उपलब्धि अन्य रेलकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी रेलकर्मी इसी लगन और जिम्मेदारी के साथ रेल संचालन को और अधिक सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने में योगदान देते रहेंगे।

इंग्लिश में हुए थे सवाल-जवाब

झारखंड हाई कोर्ट ने हत्या के दोषी को कर दिया बरी

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को इस आधार पर बरी कर दिया कि उससे जिस भाषा में पूछताछ की गई, वह उसे नहीं समझता था। अभियोजन पक्ष ने उससे अंग्रेजी में सवाल पूछे थे, जिसे वह समझ नहीं पाया।

जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की खंडपीठ ने सी.ओरांव नाम के व्यक्ति की ओर से दायर आपराधिक अपील पर सुनवाई की। ओरांव ने रांची की सत्र अदालत द्वारा सुनाई गई सजा को चुनौती दी थी। ओरांव को 26 फरवरी, 2009 को परमेश्वरी देवी नामक महिला की हत्या का दोषी करार दिया गया था। आरोप था कि भूखंड पर कब्जे को लेकर हुए विवाद के कारण ओरांव ने परमेश्वरी देवी को कुएं में डुबोकर मार दिया था। रांची की निचली अदालत ने 25 अप्रैल, 2018 को ओरांव को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

इंग्लिश में पूछे गए थे सवाल

ओरांव ने उच्च न्यायालय में अपील की, जिस पर बुधवार को डबल बेंच की खंडपीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष ने ओरांव से अंग्रेजी में सवाल पूछे थे, जबकि वह इस भाषा को समझता तक नहीं था।

'...तो जवाब आरोपी को ही नुकसान पहुंचाते हैं'

हाई कोर्ट ने कहा कि जब कोई आरोपी उस भाषा को नहीं समझता जिसमें अभियोजन पक्ष उससे सवाल पूछता है, तो उसके जवाब बचाव को नुकसान पहुंचा सकते हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि भारत का संविधान देश के सभी नागरिकों को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार देता है।

जवाब भी अंग्रेजी में दर्ज किए, नीचे लगा हुआ था अंगूठा

उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि निचली अदालत ने उसके सभी बयान अंग्रेजी में दर्ज किए थे, जबकि दोषी को अंग्रेजी समझ नहीं आती थी। अदालत में बयान दर्ज किए जाने के बाद ओरांव ने उन पर अपने अंगूठे का निशान लगाया था। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत की इस प्रक्रिया पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि आरोपी का बयान दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया केवल दिखावा लगती है।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।



'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।



'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले



पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।



सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।

मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बो टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा ब्लाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

शहरी विकास मॉडल पर मंथन, मृगांका सक्सेना ने किया पैनल का संचालन

भविष्य में शहरों का सुनियोजित विकास आवश्यक, कॉन्क्लेव में बोले मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए शहरों का नियोजन समुचित प्रकार से किया जाना बहुत जरूरी हो गया है। बुधवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' (रोड टू ग्लोबल ग्रोथ समिट 2027) हुई। कॉन्क्लेव में शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता से 4 महत्वपूर्ण पैनल चर्चाओं (डिस्कशन) का आयोजन किया गया।

इन चर्चाओं में सुनियोजित शहरी विकास, आधुनिक अधोसंरचना, डिजिटल तकनीक, जलवायु अनुकूल शहरों के निर्माण, जल सुरक्षा, संसाधन प्रबंधन तथा शहरी निवेश एवं वित्तपोषण की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रथम पैनल चर्चा में 'महानगरों से आगे: पुनर्घनत्वीकरण, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट एवं ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स के माध्यम से शहरी विकास' विषय पर मंथन हुआ। पैनल का संचालन हैबिटेट टेक्टोनिक्स आर्किटेक्चर एंड अर्बनिज्म की संस्थापक भागीदार श्रीमती मृगांका सक्सेना ने किया।

विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं



सीएम ने अर्बन इनोवेशन गैलरी में प्रदर्शनी का किया अवलोकन।

पैनल प्रमुख एवं मप्र मेट्रो के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने कहा कि सुनियोजित विकास के बिना बेहतर जीवन सुविधाओं वाले शहरों का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने स्वच्छता, हरित ऊर्जा, बेहतर कनेक्टिविटी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा औद्योगिक एवं आर्थिक कॉरिडोर को शहरी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। साथ ही टीडीआर नियमों एवं ऑनलाइन टीओडी पोर्टल की जानकारी दी। नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल, मप्र के अध्यक्ष विवेक दमानी ने नगर नियोजन में विकासकर्ताओं एवं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने तथा परियोजनाओं की समयबद्ध स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की आवश्यकता बताई।

मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग

डेला ग्रुप के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक जिमी मिस्त्री ने मानव-केंद्रित शहरी विकास पर जोर देते हुए टीओडी, टीडीआर एवं एफएसआई मानकों के अनुरूप एकीकृत मास्टर प्लानिंग और दक्ष आर्किटेक्चर की सहभागिता को आवश्यक बताया। मेडुला सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शांतनु शर्मा ने यातायात की वास्तविक मांग के अनुरूप नगर नियोजन, शहरी घनत्व के बेहतर प्रबंधन तथा लास्ट माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया।

भोपाल की विकास योजना पर क्रेडाई ने उठाए सवाल

भोपाल। मध्यप्रदेश में आर्थिक विकास के रोडमैप को लेकर अब राजधानी भोपाल की उपेक्षा का सवाल उठने लगा है। इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी होने के बाद क्रेडाई भोपाल ने राज्य सरकार से पूछा है कि जब अक्टूबर 2025 में भोपाल और इंदौर दोनों को ग्रोथ हब पहल के पहले चरण में शामिल किया गया था, तो भोपाल की आर्थिक विकास योजना अब तक सार्वजनिक क्यों नहीं हुई? संगठन ने सवाल उठाया है कि विकास की इस प्रक्रिया में राजधानी की प्राथमिकताएं और परियोजनाएं आखिर कब सामने आएंगी। बुधवार को इंदौर में आयोजित अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर आर्थिक क्षेत्र-2047 की रिपोर्ट जारी की। क्रेडाई भोपाल ने इस पहल का स्वागत किया, लेकिन साथ ही भोपाल के रोडमैप में हो रही देरी पर जवाब मांगा।

मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में हुआ सफल किडनी प्रत्यारोपण

इस करवा चौथ पर पत्नी ने चाँद नहीं, पति के लिए मांगा जीवन

जबलपुर। करवा चौथ पर सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, लेकिन जबलपुर की रश्मि गुप्ता ने अपने पति दीपक गुप्ता को किडनी दान कर जीवन का अनमोल उपहार दिया। मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल, जबलपुर में सफल किडनी प्रत्यारोपण के बाद यह दंपति पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल बनकर सामने आया है।शांतिनगर निवासी दीपक गुप्ता लंबे समय से किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। ऐसे कठिन समय में उनकी पत्नी रश्मि गुप्ता ने अपनी किडनी दान करने का निर्णय लिया। उनका यह कदम न केवल परिवार के लिए नई उम्मीद लेकर आया, बल्कि अंगदान के महत्व को भी उजागर किया विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने किया सफल प्रत्यारोपणमेट्रो प्राइम हॉस्पिटल जबलपुर की नेफ्रोलॉजी एवं ट्रांसप्लांट यूनिट की टीम ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की। इस प्रक्रिया में डॉ. राजेश पटेल, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. विशाल वडेरा, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट, के नेतृत्व में चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा कर्मियों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फिलहाल रश्मि गुप्ता और दीपक गुप्ता दोनों स्वस्थ हैं।अस्पताल में 30 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांटमेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के



डायरेक्टर राजीव बडेरिया ने बताया कि अस्पताल में अब तक 30 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों और पूरी टीम के समन्वित प्रयासों से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, रश्मि गुप्ता का यह निर्णय अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में प्रेरणादायक है। किडनी प्रत्यारोपण किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों के लिए उपचार का एक महत्वपूर्ण विकल्प है और उपयुक्त परिस्थितियों में उन्हें बेहतर जीवन की संभावना प्रदान कर सकता है।करवा चौथ पर प्रेम और त्याग की मिसालरश्मि गुप्ता और दीपक गुप्ता की कहानी इस पर्व को एक विशेष भावनात्मक अर्थ देती है।

आज भी रोमांचित कर देता है 35 एमएम फिल्मों का जादू

एमएम फिल्मों का दौर भारतीय सिनेमा का स्वर्ण काल था : प्रदीप सरदाना



नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा अपनी एक शताब्दी से भी लंबी यात्रा में तकनीक में नित नए विकास और चमत्कार कर रहा है। आज हम डिजिटल युग में पहुँच चुके हैं। लेकिन 35 एमएम पर बनी फिल्मों के जादू को आज भी भुलाया नहीं जा सकता। उस दौर की फिल्में आज भी रोमांचित कर देती हैं। सच कहा जाए तो 35 एमएम फिल्मों का काल ही भारतीय सिनेमा का स्वर्ण काल था। उपरोक्त विचार वरिष्ठ पत्रकार और सुप्रसिद्ध फिल्म समीक्षक श्री प्रदीप सरदाना ने 'इंडिया हेबिटेट सेंटर' में '35 एमएम फिल्म क्लब' की स्थापना और फिल्म 'यादों की बारात' के विशेष प्रदर्शन से पूर्व व्यक्त किए। अपनी कला-संस्कृति और फिल्म गतिविधियों के लिए प्रतिष्ठित 'इंडिया हेबीटेट सेंटर' के निदेशक प्रो. डॉ. के जी सुरेश ने हाल ही में अपने यहाँ '35 एमएम फिल्म क्लब की स्थापना की है। जिसके अंतर्गत प्रति माह किसी एक 35 एम एम फिल्म का, उसी स्वरूप में और 35 एमएम प्रोजेक्टर से ही प्रदर्शन किया जाएगा। निदेशक के जी सुरेश ने इस अवसर पर प्रदीप सरदाना को उनकी 50 वर्ष की लेखन-पत्रकारिता यात्रा और फिल्म समीक्षक के रूप में किए गए उनके अत्यंत विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया। श्री सुरेश ने बताया-''प्रदीप सरदाना जी का पत्रकारिता और फिल्म संसार में अनुपम योगदान है। इधर अब हमने अपने यहाँ कोने में रखे उस पुराने प्रोजेक्टर पर ही प्रति माह फिल्म दिखाने का निर्णय लिया है, जिस पर किसी समय 35 एमएम फिल्में प्रदर्शित की जाती थीं। इससे दर्शक भारतीय सिनेमा की अविस्मरणिय फिल्मों को फिर से उनके पुराने स्वरूप में देख सकेंगे।'' अपने सम्बोधन में श्री सरदाना ने यह भी कहा-''अब जब देश भर में किसी भी सिनेमा थिएटर में 35 एमएम फिल्मों को दिखाने वाले प्रोजेक्टर्स नहीं रहे हैं।

---

29 चिड़ियाघरों के प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव

वनतारा में वन्यजीव संरक्षण के लिए 30 देशों के विशेषज्ञ जुटे



एजेंसी ▶▶ जामनगर

वन्यजीवों का संरक्षण किसी एक देश या संस्थान के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए साझा ज्ञान, वैज्ञानिक शोध, आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। इसी उद्देश्य के साथ गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा में 26 से 29 अक्टूबर तक यूरेशियन रीजनल एसोसिएशन ऑफ जूज एंड एक्वेरियम (ईएआरएजेडए) का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 30 देशों के 98 संस्थानों और भारत के 29 चिड़ियाघरों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में वन्यजीव संरक्षण, पशु कल्याण, संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण और चिड़ियाघरों के प्रबंधन में तकनीक के इस्तेमाल पर चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान वनतारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवान करानी ने घोषणा की कि चिड़ियाघरों के प्रबंधन और सूचनाओं के आदान-प्रदान में मदद करने वाला क्लाउड आधारित एएनटीजेड सॉफ्टवेयर एक वर्ष तक ईएआरएजेडए के सभी सदस्य संस्थानों को मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाना और वन्यजीवों की देखभाल से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। सम्मेलन में आधुनिक तकनीक और नवाचार भी आकर्षण का केंद्र रहे। एएनटीजेड प्लेटफॉर्म के तहत प्रदर्शित 'वेस्पर' उपकरण कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से ध्वनियों का विश्लेषण कर प्रजातियों की पहचान करने में सहायता करता है।

सम्मेलन में संकटग्रस्त प्रजातियों पर मंथन

सम्मेलन में अमूर बाघ, ओरिएंटल स्टॉर्क, ब्लैकिस्टन ईगल आउल और ग्रेट बस्टर्ड जैसी प्रजातियों के संरक्षण कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बोइगा प्रजाति के सांपों और लंबे कानों वाले हेजहॉग को उनके प्राकृतिक आवास में दोबारा बसाने के प्रयासों पर भी अनुभव साझा किए गए। इसके अलावा मानव-वन्यजीव संघर्ष, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा, जैव सुरक्षा, पशु पोषण और पशु कल्याण के आकलन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन तीन बार ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके संगीतकार और पर्यावरणविद् रिकी केज की प्रस्तुति के साथ हुआ। ईएआरएजेडए की अध्यक्ष स्वेतलाना अकुलोवा, भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर रमन सुकुमार और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. वी. क्लेमेंट बेन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विवान करानी ने कहा कि वनतारा का अर्थ जंगल का तारा है, लेकिन पूरे आकाश को रोशन करने के लिए तारों का समूह जरूरी है। संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए संस्थानों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखना और अपनी विशेषज्ञता साझा करनी होगी। स्वेतलाना अकुलोवा ने भी जोर दिया कि वन्यजीव संरक्षण देशों की सीमाओं तक सीमित नहीं रह सकता। आंकड़ों, विशेषज्ञता और जिम्मेदारियों को साझा करने से संरक्षण कार्यक्रमों को मजबूती मिलती है।

तीन युवकों पर वारदात करने का आरोप

13 साल की बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के रनचिरई थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के ही तीन



युवकों पर नाबालिग को जबरन एक मकान में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के मुताबिक, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली पीड़िता 14 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे कॉपी-पेन लेने के लिए घर से निकली थी। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रात करीब 11 बजे परिजनों को सूचना मिली कि गांव के कुछ युवक बच्ची को अचेत अवस्था में एक परिचित के घर लेकर पहुंचे हैं। परिजन फौरन मौके पर पहुंचे और उसे गुंडरदेही अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद अगले दिन उसे घर लाया गया। घटना के बाद से ही पीड़िता गहरे सदमे में थी और गुमसुम रहने लगी थी। परिजनों के बार-बार पूछने और ढांढस बंधाने पर 26 अक्टूबर को उसने पूरी घटना बयां की। पीड़िता ने बताया कि गांव के दो युवक उसे डरा-धमकाकर एक मकान की पहली मंजिल पर ले गए, जहां उन्होंने अपने तीसरे साथी को भी बुला लिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा होने के बाद पीड़िता की मां ने परिजनों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ रनचिरई थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04512	चंडीगढ़ जं.	23:35	पटना जं.	21:15	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04511	पटना जं.	23:15	चंडीगढ़ जं.	21:40		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04616	फिरोजपुर कैंट जं.	12:00	पटना जं.	18:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04615	पटना जं.	20:20	फिरोजपुर कैंट जं.	23:55		बुधवार	25.11.2026 तक
04008	आनंद विहार(टर्मि.)	08:30	जोगबनी	15:00	साप्ताहिक	शनिवार	07.11.2026 तक
04007	जोगबनी	18:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:00		रविवार	08.11.2026 तक
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30		बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	21.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर))	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40			30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30			30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00			30.11.2026 तक
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	सप्ताह में 3 दिन	शुक्र, रवि, मंगल	29.11.2026 तक
04051	हावड़ा जं.	01:40	नई दिल्ली	08:20		रवि, मंगल, गुरु	01.12.2026 तक
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00			29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
04668	अमृतसर जं.	20:10	बरौनी जं.	02:10	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04667	बरौनी जं.	05:05	अमृतसर जं.	13:50		मंगलवार	01.12.2026 तक
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45		शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में 6 दिन	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00		बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04063	गया जं.	09:15	दिल्ली जं.	08:00		रविवार को छोड़कर	01.12.2026 तक
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30			01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर कैंट जं.	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर कैंट जं.	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00		शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		शनि, रवि, सोम, गुरु, शुक्र, शनि, रवि, सोम	07, 08, 09, 12, 13, 14, 15 एवं 16.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05, 06, 07, 10, 11, 12, 13 एवं 14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06, 07, 08, 11, 12, 13, 14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या कैंट जं.	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर))	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04081	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	12:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	06.11.2026 तक
04082	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	21:00	नई दिल्ली	10:00			07.11.2026 तक
04221	वाराणसी जं.	20:40	बठिंडा जं.	17:00	साप्ताहिक	रविवार	22.11.2026 तक
04222	बठिंडा जं.	20:50	वाराणसी जं.	17:30		सोमवार	23.11.2026 तक
04201	वाराणसी जं.	16:20	अयोध्या धाम जं.	21:40	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04202	अयोध्या धाम जं.	22:20	वाराणसी जं.	04:00			30.11.2026 तक
04002	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:45	दादर	22:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04001	दादर	00:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:35		गुरुवार	26.11.2026 तक
04212	सुल्तानपुर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	04:00	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	14:00	साप्ताहिक	बुधवार	11.11.2026 तक
04211	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	15:00	सुल्तानपुर जं.	23:00		गुरुवार	12.11.2026 तक
04226	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	01:35	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	14:00	साप्ताहिक	गुरुवार	12.11.2026 तक
04225	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	15:00	वाराणसी जं.	02:05		शुक्रवार	13.11.2026 तक
05736	कटिहार जं.	21:00	अमृतसर जं.	09:45	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05735	अमृतसर जं.	13:25	कटिहार जं.	23:45		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04656	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	शुक्रवार, सोमवार बुधवार	06, 09 एवं 11.11.2026
04655	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		रविवार, बुधवार शुक्रवार	08, 11 एवं 13.11.2026
04662	लुधियाना जं.	06:30	दरभंगा	10:00	तिथिवार	शनिवार, मंगलवार बुधवार	07, 10 एवं 11.11.2026
04661	दरभंगा	13:00	लुधियाना जं.	17:10		रविवार, बुधवार गुरुवार	08, 11 एवं 12.11.2026
04664	लुधियाना जं.	06:30	गया जं.	08:00	गुरुवार		12.11.2026 को
04663	गया जं.	11:00	लुधियाना जं.	12:50	शुक्रवार		13.11.2026 को
04666	लुधियाना जं.	06:30	कोलकाता	21:45	शुक्रवार		06.11.2026 को
04665	कोलकाता	23:50	लुधियाना जं.	12:50	शनिवार		07.11.2026 को
04528	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	गुरुवार सोमवार	05, 09 एवं 12.11.2026
04527	सहरसा जं.	19:15	अंबाला छावनी	22:20		शुक्रवार मंगलवार	06, 10 एवं 13.11.2026

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

चिंतन

ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

> एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

1 नवंबर से लागू होने वाले जीएसटी के चरणबद्ध बदलाव और फिर एक अप्रैल 2027 के भावी जीएसटी रोडमैप से जीएसटी प्रणाली करदाताओं को नौकरशाही के जटिल जाल से राहत दिलाने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रवाह को गति देने और भरोसे पर आधारित प्रशासन (ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस) को स्थापित करने के मद्देनजर मील का पत्थर बनने जा रही है। यह सर्वविदित है कि भारत में जीएसटी का वर्तमान स्वरूप रातों-रात तैयार नहीं हुआ, बल्कि यह पिछले चार दशकों में किए गए क्रमिक आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों का प्रतिफल है। भारत में आधुनिक अप्रत्यक्ष कर सुधारों की नींव 1976 में एल. के. झा समिति की सिफारिशों से पड़ी, जिसने तत्कालीन जटिल उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को समाप्त कर संशोधित मूल्य वर्धित कर लागू करने का सुझाव दिया था। इसके उपरांत वर्ष 1987 में मॉडवैट लागू होने के साथ ही भारतीय कर व्यवस्था में पहली बार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा ने मूर्त रूप लिया, जिसने कर पर कर (कैस्केडिंग इफेक्ट) के बोझ को कम किया। 2000 के दशक की शुरुआत में डॉ. विजय केलकर टास्क फोर्स ने देश में एक एकीकृत 'नेशनल जीएसटी मॉडल' का प्रस्ताव रखा, जिसने व्यापक कर सुधारों का खाका खींचा। फिर राज्यों के वित्त मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह ने रेवेन्यू न्यूट्रल रेट, प्लेस ऑफ सप्लाई नियमों और अंतरराज्यीय लेन-देन के लिए क्लियरिंग हाउस मैकेनिज्म पर काम किया। आखिरकार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक संवैधानिक संशोधन के माध्यम से 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में एकीकृत जीएसटी कानून लागू किया गया। निसंदेह जीएसटी लागू होने के बाद से भारत का कर आधार (टैक्स बेस) तेजी से विस्तृत हुआ है और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) के डिजिटलीकरण, ई-वे बिल और ई-इन्वॉयसिंग जैसे तकनीकी नवाचारों ने कर चोरी पर अंकुश लगाकर असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इन सुधारों के कारण राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है; जहां वित्तीय वर्ष 2017-18 के शुरुआती दौर में औसत मासिक संग्रह



लगभग 90,000 करोड़ रुपये प्रति माह रहता था, वहीं सितंबर 2026 में यह बढ़कर 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक राजस्व संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती, कर अनुपालन में आई पारदर्शिता और कर प्रणाली की उच्च दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जीएसटी परिषद की हालिया बैठक में करीब 9 वर्षों के अनुभवों के आधार पर दूरगामी सुधारों को हरी झंडी दी गई है। इनसे नए रिफंड आवेदनों को पूरी तरह से डिजिटल और जोखिम मूल्यांकन आधारित ऑटोमेटेड सिस्टम पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे रिफंड पावती की अवधि घटेगी और दावा की गई राशि बिना किसी अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कारोबारियों के बैंक खातों में जमा होगी। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए 90 प्रतिशत तक का अस्थायी रिफंड तुरंत स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है, जिससे एमएसएमई और विनिर्माण इकाइयों की फंसी हुई पूंजी तुरंत अनलॉक होगी। सामान की बिक्री के बाद दी जाने वाली छूट (पोस्ट-सेल डिस्काउंट) और क्रेडिट नोट से जुड़े अनुपालन नियमों को व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है, जिससे व्यापारी अपनी वास्तविक कर देनदारी का सटीक संतुलन बना सकेंगे। कर प्रशासन में पारदर्शिता लाने और व्यापारियों में विश्वास जगाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। एक ऐतिहासिक कदम के तहत जीएसटी अधिकारियों की सीधी गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित कर दिया गया है; अब अधिकारी महज कानून का हवाला देकर कारोबारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे और इसके लिए अदालत से पूर्व आदेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को बढ़ाए जाने से छोटे और ईमानदार व्यापारियों में फैला 'टैक्स टेरर' का डर समाप्त होगा। इसके अतिरिक्त, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापार करने वाले छोटे व असंगठित विक्रेताओं के लिए पंजीकरण और अनुपालन की शर्तों को बेहद आसान बनाया गया है, जिससे वे वेयरहाउस का उपयोग कर बिना जटिल कागजी कार्रवाई के व्यापार कर सकेंगे। छोटे विवादों से राहत देते हुए 10,000 रुपये से कम की कुल कर देनदारी पर अब कारण बताओ नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी न करने और धारा 125 के तहत सामान्य जुर्मानों की सीमा घटाने के फैसले लिए गए हैं। कर ढांचे को व्यावहारिक बनाने के लिए कर दरों और स्लैब का पुनर्गठन एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुआ है। जीएसटी के शुरुआती वर्षों में मुख्य रूप से चार कर स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत) तथा विभिन्न उपकर (सेस) प्रभावी थे, जिन्हें बाद में जीएसटी परिषद द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद पुनर्गठित कर मुख्य रूप से दो प्रमुख स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के अंतर्गत सुव्यवस्थित किया गया।

निसंदेह जीएसटी संबंधी हालिया सुधार सराहनीय हैं, परंतु जीएसटी को पूर्णतः गुड एंड सिंपल टैक्स बनाने के लिए अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया जाना शेष है। पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, बिजली और एविऐशन टर्बाइन फ्यूल को अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जब तक ये वस्तुएं जीएसटी के तहत नहीं आतीं, तब तक समूची मूल्य श्रृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह संभव नहीं है। उम्मीद करें कि एक नवंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू हो रहे सुधारों और एक अप्रैल 2027 से लागू होने वाले जीएसटी के दीर्घकालिक सुधारों से जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण और कर आतंक की समाप्ति से उद्योग-कारोबार जगत लाभान्वित होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विधान परिषद चुनाव

बाल मुकुन्द ओझा



भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए खतरे की घंटी

देश के 4 राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव नतीजों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में खलबली मचा दी है। भाजपा ने प्रतिष्ठा वाली सीटों पर हार के मद्देनजर आत्म चिंतन और विश्लेषण शुरू कर दिया है। बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस अपनी बुरी हार के बावजूद एक नवम्बर की रैली में व्यस्त है। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज एक सीट पर विजय हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की बैलेट पेपर पर हार से तंज कसते हुए कहा, चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद चुनाव में 28 सीटों पर मतदान पर्ची से हुए। अनुमान लगाइए कि इनमें कांग्रेस को कितनी सीट मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए बनारस और नागपुर की हार पर भाजपा को आईना दिखाया है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हो रही हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ होने के बावजूद कांग्रेस ने चारों सीटें गंवा दी। इनमें एक सीट पहले कांग्रेस के पास थी। वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनारस संसदीय सीट पर हुए स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं, आरएसएस मुख्यालय की नागपुर सीट भी भाजपा ने कांग्रेस के हाथों गंवा दी। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय होने के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी गृह क्षेत्र है। हालांकि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ 28 में से 16 सीटों पर जीत हासिल की है। अकेले भाजपा को इनमें से 13 सीटें मिली हैं। उसकी सहयोगी जदयू, जदएस और शिवसेना (शिंदे) को एक-एक सीट मिली है। इसी के साथ ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के नतीजे भी कांग्रेस को मुफीद नहीं रहे। चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी, जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। यूपी में कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने जा रहा है। इस दृष्टि से इन चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, जबकि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस महज एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। यह कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। वहीं बीजेपी भले ही सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही हो, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की 2 सीट और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र नागपुर की स्नातक सीट से हार गई। यूपी में 11 सीटों पर विधान परिषद के चुनाव हुए थे। इनमें से छह सीटों पर भाजपा जीती है और पांच सीटें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। पहले सपा के पास तीन सीटें थीं और दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। इस बार सपा ने पांच सीटें जीती हैं। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी की स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। स्नातक सीट पर आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के केदारनाथ सिंह को हराया तो शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव ने प्रमोद मिश्रा को हराया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में सपा की कांति सिंह और इलाहाबाद-झांसी सीट पर सपा के मानसिंह यादव जीते। शिक्षक क्षेत्र में सपा ने आगरा और वाराणसी दो सीटों पर जीत हासिल की। गोरखपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी सिर्फ 307 वोट से जीते। भाजपा को शिक्षक क्षेत्र में मेरठ और लखनऊ में जीत मिली है, जबकि स्नातक क्षेत्र में आगरा और मेरठ-सहारनपुर में जीत मिली है। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव हुए थे, जिनमें से चार सीटें एनडीए के खाते में गई हैं, जबकि चार सीटें अन्य को मिली हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा 30 साल के बाद हारी है। राजद के डॉक्टर संजीव ने भाजपा को नवल किशोर यादव को हराया। भाजपा ने कोशी स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत शिक्षक सीट पर जीत हासिल की है। जनता दल को सिर्फ एक पटना स्नातक की सीट मिली है। दरभंगा शिक्षक सीट जनसुराज के सुरेश राय ने जीती है। सारण शिक्षक और तिरहुत स्नातक सीट पर निर्दलीय जीते हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आ गए थे। इनमें से दो सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने जीती हैं और तीन सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी के खाते में गई हैं। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे और अमरावती शिक्षक सीट पर एकनाथ शिंदे की शिव सेना के किरण सरनाइक जीते हैं। महाविकास अघाड़ी में दोनों सीटें शरद पवार की एनसीपी को मिली हैं। छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट और पुणे स्नातक सीट उनके उम्मीदवार जीते हैं। नागपुर स्नातक सीट कांग्रेस ने जीत ली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

खोने के डर को मन पर हावी ना होने दें



संकलित

दर्शन

कई बार छोटी-छोटी बातें भी मन को इतना परेशान कर देती हैं कि जरूरी काम करना मुश्किल हो जाता है। किसी बात के बिगड़ने का डर हो या कुछ खोने की चिंता, मन लगातार उलझा रहता है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता की सीख जीवन को देखने का नजरिया बदल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मनुष्य को सुख-दुख और लाभ-हानि में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण की सीख के अनुसार, मनुष्य की चिंता का एक बड़ा कारण किसी चीज को खोने का डर है। जब हम किसी उपलब्धि, रिश्ते या सुख-सुविधा से बहुत ज्यादा जुड़ जाते हैं, तो उसे खोने की आशंका परेशान करने लगती है। कई बार मनुष्य किसी चीज को हासिल करने के बाद भी उसके छिन जाने की चिंता में रहता है। इसलिए जीवन में जो कुछ मिला है, उसका आनंद लें, लेकिन उसे हमेशा अपने पास बनाए रखने की जिद ना करें। यही सोच मन को हल्का रखने में मदद करती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में संतुलित रहने की सीख दी है। जीवन में कभी मन के मुताबिक परिणाम मिलते हैं, तो कभी निराशा हाथ लगती है। अगर हर अच्छी बात पर जरूरत से ज्यादा खुश और हर परेशानी में टूटने लगेंगे, तो मन हमेशा बेचैन रहेगा। इसलिए सुख मिलने पर अहंकार ना करें और दुख आने पर हिम्मत ना हारें। समय के साथ परिस्थितियां बदलती रहती हैं। इस बात को समझने वाला व्यक्ति मुश्किल समय में भी धैर्य बनाए रखता है।

दूसरों से सीखिए, नकल मत कीजिए



संकलित

प्रेरणा

जिंदगी में हम सभी किसी ना किसी से प्रभावित होते हैं। कोई अपने माता-पिता से कुछ सीखता है, कोई शिक्षक से, तो कोई किसी सफल व्यक्ति को देखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है। दूसरों की अच्छी आदतों और विचारों से सीखना गलत नहीं है। परेशानी तब शुरू होती है, जब हम सीखने के बजाय उसी व्यक्ति की नकल करने लगते हैं। स्वामी विवेकानंद की एक सीख इसी बात की ओर ध्यान दिलाती है। उनका संदेश था - दूसरों से जो भी अच्छा है, उसे सीखो, लेकिन उसे अपनी तरह से अपनाओ, किसी और जैसे मत बनो।' इस विचार में सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाए रखने की बात भी कही गई है। हर इंसान के पास कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है, जिससे हम सीख सकते हैं। किसी का अनुशासन अच्छा हो सकता है, किसी की मेहनत, किसी का धैर्य तो किसी की सोचने का तरीका हमें प्रभावित कर सकता है। विवेकानंद की सीख है कि ऐसी अच्छी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मन को खुला रखें और जहां से अच्छी बात मिले, उसे सीखने की कोशिश करें। ज्ञान किसी एक व्यक्ति या जगह तक सीमित नहीं होता है। किसी की बात अच्छी लगी, तो उसे तुरंत अपनी जिंदगी का नियम बना लेना जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। जो तरीका किसी दूसरे के लिए सही है, जरूरी नहीं कि वह आपके लिए भी उसी तरह काम करे। इसलिए किसी अच्छी बात को पहले समझना चाहिए। फिर देखना चाहिए कि उसे अपनी जिंदगी और परिस्थितियों के हिसाब से कैसे अपनाया जा सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

विनय कुमार साहू, रायपुर

ट्रेंड

आयुष्मान वय वंदना योजना



हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इस दिशा में, 29 अक्टूबर 2024 को 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए हैं।

- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

टाटा को बर्बाद कर रहे



टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, और किसी भी कारोबारी नेता में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं है। आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक, जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय कारोबार मोदी और शाह के खिलौने नहीं हैं।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

मतदान रोकने की साजिश



वाराणसी में मतदान को रोकने या धीमा करने के पीछे की साजिश को सब समझते हैं, लेकिन बीजेपी इसमें कामयाब नहीं होगी। वाराणसी में बीजेपी की हार राष्ट्रीय खबर न बन जाए, इसे रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अधिकार की रक्षा



1 नवंबर को 'इंडिया' रामलीला मैदान में एकजुट होकर खड़ा होगा। 'वोट चोरी' के खिलाफ यह लड़ाई, हर भारतीय के चुनने के अधिकार की रक्षा करने की लड़ाई है। बंगाल और अन्य राज्यों में हुई 'वोट लूट' पर जवाब चाहिए, खामोशी नहीं!

- **ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

मंदिर पर गोलीबारी, दक्षिण एशियाई समुदाय में चिंता



शिकागो के पास एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश को नाकाम किए जाने के बाद क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय में डर का माहौल है, जिसने आस्था और पारिवारिक समारोहों के आमतौर पर उल्लासपूर्ण मौसम को फीका कर दिया है। अभियोजकों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, जब 11 अक्टूबर को नवरात्र का त्योहार शुरू होने पर श्रद्धालु हिंदू मंदिरों में इकट्ठा हुए थे, तब एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस इलिनॉय के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा और पार्किंग क्षेत्र में बैठ गया, लेकिन राइफल जाम होने के कारण गोली चलाए बिना ही भाग गया। अभियोजकों ने बताया कि पापोराकिस (19) को उसी दिन शिकागो से करीब 64 किलोमीटर दूर इलिनॉय के पैलेटाइन स्थित उसके घर के पास गिरफ्तार किया गया। 'टैको बेल' के एक कर्मचारी ने अधिकारियों को उसकी भारतीय लोगों को मारने की योजना के बारे में सूचना दी थी। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के गंभीर आरोप हैं। उसे शुक्रवार को फिर अदालत में पेश होना है। दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करने वाले गैर-लाभकारी संगठन 'द शिकागो कसम' की कार्यकारी निदेशक आशा राव ने कहा कि समुदाय के लोग इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित हैं।

ऑफ बीट

ब्रिटिश पीएम बर्नहम आएंगे भारत, मजबूत होंगे रिश्ते



ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवारक को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर ने यहां बताया कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे। इस साल 20 जुलाई को बर्नहम को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों पर, मेलर ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे-जैसे ब्रिटेन और भारत की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, हम दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता 100 दिन पहले लागू हुआ, लेकिन असल में इस पर एक साल से कुछ समय पहले ही हस्ताक्षर किए गए थे तथा तब से अब तक 12 अरब पाउंड के नए समझौते हो चुके हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

चक्रवात अर्नब के कहर से ओडिशा और आंध्र प्रदेश में बिगड़े हालात, कई बेघर

ओडिशा के गंजाम में 300 गांव बाढ़ में घिरे, कई ट्रेनें रद्द, प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा, तटरक्षक बल और हेलिकॉप्टर तैनात

आंध्र प्रदेश और यानम तटों से टकराने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने 48 घंटों को बेहद अहम बताया है। दक्षिण अंडमान सागर में एक और नया निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित हो गया है, जिससे समुद्र में एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका गहरा गई है

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

चक्रवात अर्नब के कारण ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। ओडिशा के गंजाम जिले में करीब 300 गांव पानी से घिर गए हैं। राज्य सरकार प्रभावित इलाकों में फंसे लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। ओडिशा की मुख्य सचिव अनु गर्ग ने गुरुवार को बताया कि एनडीआरएफ और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में बचाव अभियान चला रही हैं। लगातार बारिश और बादल नीचे होने के कारण हेलीकॉप्टर से लोगों को निकालने में परेशानी आ सकती है। राज्य सरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय के संपर्क में है। पहले चरण में करीब 120 लोगों को हवाई मार्ग से निकालने की योजना बनाई है।

श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित

ओडिशा की मुख्य सचिव ने बताया कि भारी बारिश से आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिससे दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रुक गई है।



ओडिशा में लोगों को सुरक्षित पहुंचाया जा रहा

एक और मौसमी बवंडर उठने की आशंका

गंजाम में ऋषिकुल्या नदी उफान पर

गंजाम जिले के सोरड़ा समेत कई इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ऋषिकुल्या नदी उफान पर है। इससे आसपास के कस्बों और गांवों में पानी भर गया है।

फसलों और बागवानी को नुकसान

मुख्यमंत्री ने बताया कि अल नीनो के प्रभाव से रायलसीमा क्षेत्र में मुश्किलें बढ़ रही हैं, जबकि उत्तर आंध्र, तटीय जिलों और गोदावरी नदी क्षेत्र में चक्रवात का असर देखने को मिला है। इन इलाकों में किसानों की खड़ी फसलों और नारियल के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।

माझी ने की शाह से बात, केंद्र ने मदद का दिया भरोसा



ओडिशा के सीएम माझी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और नुकसान की जानकारी दी। शाह ने ओडिशा और अन्य प्रभावित राज्यों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री नायडू ने की समीक्षा

आंध्र प्रदेश में बिजली बहाली और मुआवजे पर जोर



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस कर चक्रवात से हुए नुकसान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति बहाल की जाए और नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए।

खबर संक्षेप

राउत ने सीजेआई से बिना शर्त माफी मांगी

मुंबई। शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने अवमानना के मामले में सुप्रीम कोर्ट और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से अवमानना मामले में माफी मांग ली है। संजय राउत ने कहा है कि वे सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते है। राउत ने कहा वे स्वेच्छा से, बिना किसी दबाव या शर्त के माफी मांग रहे है।



गुजरात को आज 14 हजार करोड़ की सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिनी दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे 14,000 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।'पीएम-किसान' योजना के तहत 19,000 करोड़ की 24वीं किस्त जारी करेंगे और दो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।



गोहत्या के मामले में 3 लोगों को उम्रकैद

गांधीनगर। गुजरात के गांधीनगर जिले की एक अदालत ने 3आरोपियों को गोहत्या और 277 किलो गोमांस रखने का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत ने फैसले में गाय के धार्मिक महत्व को रेखांकित करने हुए हिंदू धर्मग्रंथों का हवाला दिया। उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने इस फैसले का स्वागत किया है।



टाइगर गोलीबारीः 11 आरोपी पुलिस हिरासत में

मुंबई। मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी के मामले के सभी 11 आरोपियों छह नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों को सख्त महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत फिर से गिरफ्तार करने के बाद विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।



दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक पर बोला सुप्रीम कोर्ट

पटाखों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगेगी प्रदूषण रोकें और 'नामी' लोगों की मदद लें

त्योहार के दौरान नियमों का पालन हो और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण और पटाखों पर रोक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने साफ किया कि लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना उसका मकसद नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने पटाखों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए नियमों पर सख्ती से अमल करने की जरूरत बताई।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिवाली का त्योहार सकारात्मक माहौल बनाता है। ऐसे में जरूरी है कि त्योहार के दौरान नियमों का पालन कराया जाए और प्रदूषण पर भी काबू रखा जाए। कोर्ट ने अधिकारियों से दिवाली के दो दिनों के दौरान खास सतर्कता बरतने को कहा। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विराट कोहली जैसे मशहूर लोगों की मदद क्यों नहीं ली जाती? हर व्यक्ति की सोच और व्यवहार को बदलना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लोगों की आदतें बदलने में समय लगेगा। इसलिए जागरूकता के साथ-साथ नियमों को सख्ती से लागू करना भी जरूरी है। कोर्ट ने समस्या से निपटने पर जोर दिया।



नियमों के पालन पर रहेगा जोर

सुनवाई में यह बात सामने आई कि प्रदूषण से निपटने के लिए सिर्फ पाबंदियां लगाना काफी नहीं है। लोगों को जागरूक करने के साथ यह भी जरूरी है कि अधिकारी नियमों का सही तरीके से पालन कराएं। कोर्ट ने दिवाली के दौरान विशेष निगरानी रखने और प्रदूषण कम करने के लिए किए जा रहे उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर रहेगा।

दिल्ली सरकार ने बताई प्रदूषण से निपटने की तैयारियां

दिल्ली सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण के मौसम से निपटने के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले बीएस-6 मानक से नीचे के वाहनों को राजधानी में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ट्रैफिक कम करने के लिए सरकारी दफ्तरों के समय में बदलाव किया गया है। निर्माण स्थलों के पास एंटी-स्मॉग गन लगाई गई हैं। दिल्ली में 608 एंटी-स्मॉग गन लगाई जा चुकी हैं। सालाना प्रदूषण नियंत्रण योजना और कंट्रोल सेंटर भी काम कर रहे हैं।

अदालत का सरकार से सवाल

ई100 से चलने वाले वाहनों को ईंधन की आपूर्ति कैसे की जाएगी?

उच्चतम न्यायालय ने सरकार से यह सवाल पूछा कि 100 प्रतिशत एथनॉल वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति किस तरह सुनिश्चित की जाएगी। केंद्र सरकार ने इसी सप्ताह फ्लेक्स फ्यूल वाहन में ई100 ईंधन के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। पेट्रोल में एथनॉल का मिश्रण तत्काल 20 प्रतिशत से आगे बढ़ाने की उसकी कोई योजना नहीं है।



अटॉर्नी जनरल बोले- विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे

इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि इसके लिए बड़े पैमाने पर विनिर्माण व्यवस्था में बदलाव करने होंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 26 अक्टूबर को केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन अधिसूचित किया था। इसके तहत ई100 यानी लगभग शुद्ध एथनॉल से चलने वाले वाहनों को भी नियमों में शामिल किया गया है। इससे पहले ई85 जैसे अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन से चलने वाले वाहनों का प्रावधान था।

शेयर बाजार में पारदर्शिता पर की टिप्पणी

नहीं दे सकते निर्देश, मोइत्रा की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ग टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़ी एक याचिका का निपटारा कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को वैकल्पिक निवेश फंड, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और उनके मध्यस्थों के वास्तविक लाभार्थी मालिकों तथा निवेश पोर्टफोलियो की पूरी जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।



मोइत्रा से कहा- संसद में चर्चा करतीं

पीठ ने शुरुआत में मोइत्रा के याचिका दायर करने पर सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि वह यह मुद्दा संसद में उठा सकती थीं और इस पर चर्चा की मांग कर सकती थीं। किसी मौजूदा कानूनी व्यवस्था के बिना परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अगर कोई कानूनी व्यवस्था होती और सेबी उसका पालन नहीं कर रहा होता, तो अदालत अनुपालन का निर्देश दे सकती थी।

राहुल बोले महारैली में शामिल हों

आप लाठियों से मत डरिए भाजपा हिम्मत नहीं करेगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को देशभर के छात्रों से इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर किया जाएगा।

राहुल ने छात्रों से कहा कि वे पुलिस और लाठियों से न डरें। उन्होंने दावा किया कि भाजपा में इस तरह की कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल ने वीडियो संदेश साझा करते हुए लिखा, पुलिस की चिंता मत कीजिए, लाठियों से मत डरिए। भाजपा में इस तरह की हरकत करने की हिम्मत नहीं होगी। राहुल एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'चलो दिल्ली रामलीला मार्च' का नेतृत्व करेंगे।

'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

भाजपा संसद भंग करके मतपत्रों से चुनाव का सामना करेः खरगे



बेंगलुरू। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि यदि उसे अपने चुनावी प्रदर्शन पर भरोसा है, तो वह संसद भंग करके मतपत्रों के जरिए चुनाव का सामना करे। कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली करने की घोषणा की है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मतदाता सूचियों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। पार्टी का दावा है कि इससे विशेष रूप से अल्पसंख्यक तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हुए हैं। कुमार ने निर्वाचन आयोग में गड़बड़ी की है।

'वोट का अधिकार खतरे में, हम चुप नहीं रहेंगे



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और टीएमसी नेता ममता बेनर्जी ने मतदाता सूची में बदलाव और वोटों में कथित गड़बड़ी के खिलाफ विपक्षी दलों से एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब लोगों के वोट देने के अधिकार पर खतरा हो, तब चुप नहीं रहा जा सकता। आईएनडीआईए ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली बुलाई है। इस रैली का मुख्य मुद्दा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवाल हैं।

नैफेड ने नए क्षेत्र में कदम रखा

शुद्ध गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराएगा, 3 प्लांट लगेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के किसानों की संस्था और सहकारी संगठन नैफेड अपने राजस्व को बढ़ाने और उपभोक्ताओं को शुद्ध गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार नए क्षेत्रों में कदम रख रहा है। दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में नए प्लांट लगाने की बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। नैफेड की बोर्ड बैठक में इन सभी परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है और दिल्ली में लगने वाले दाल प्लांट के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इस प्लांट के शुरू होने से नैफेड का बाहरी खर्च और लागत बचेगी। दालों की गुणवत्ता और आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इसे सहकारिता की मदद से संचालित करने की योजना है। दिल्ली के नजफगढ़ के उजवा क्षेत्र में 14 करोड़ से एक आधुनिक दाल प्लांट लगाया जा रहा है।



राजकोट एयरपोर्ट के पास लगी आग

एयर इंडिया की फ्लाइट वडोदरा डायवर्ट, 100 यात्रियों ने ली सांस

एजेंसी ▶▶ राजकोट

राजकोट के हीरासर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पक्षियों को भगाने पटाखे फोड़ने के दौरान रनवे के पास सूखी घास में अचानक आग भड़क उठी। इससे चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया और रनवे पर दृश्यता काफी घट गई, जिससे विमानों की लैंडिंग की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। दिल्ली से राजकोट आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को वडोदरा डायवर्ट कर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फ्लाइट सुबह 10:25 बजे राजकोट पहुंचने वाली थी। रनवे पर भारी धुआं होने से लैंडिंग की अनुमति नहीं दी गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पायलट को विमान को हवा में ही 4 चक्कर लगाने पड़े। विमान में सवार 100 यात्रियों ने राहत की सांस ली।



'सहकार से समृद्धि': शाह की अध्यक्षता में सहकारी विकास निगम की बैठक

सहकारी आंदोलन को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाया सुदृढ़ीकरण व वित्तपोषण के विस्तार पर की चर्चा

वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी विकास पर की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने तथा देश में सहकारिता आधारित सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी विकास को गति देने की दिशा में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगमकी महापरिषद की 93वीं बैठक आज नई दिल्ली स्थित निगम के मुख्यालय में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय एवं संस्थागत उपलब्धियों, सहकारी क्षेत्र में वित्तपोषण के विस्तार, नई बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं के विकास, ग्रामीण आजीविका के सुदृढ़ीकरण तथा निगम की भावी कार्ययोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।



कार्यों और उपलब्धियों की सराहना की

शाह ने कहा कि 5 वर्षों में निगम ने अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। निगम ने न केवल वित्तीय प्रदर्शन और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में उल्लेखनीय प्रगति की है, बल्कि प्रति कर्मचारी लाभ में वृद्धि, ऋण स्वीकृतियों एवं संवितरण में विस्तार और नेट एनपीए को शून्य बनाए रखने जैसी अहम उपलब्धियां भी हासिल की हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठियों को दी चेतावनी

उत्तर दिनाजपुर में बोले मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी

जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा, जहां से आए उसी रास्ते से वापस भेजूंगा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने घुसपैठ के मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है। सुपेंदु ने कहा कि जिस रास्ते से बांग्लादेश से आए हो, उसी रास्ते से वापस भेजूंगा। जेल में रखकर जेल का चावल नहीं खिलाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को वापस भेजने से पहले होल्डिंग स्टेशन में रखा जाएगा। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सुवेंदु ने यह बात कही।



बंगाल की स्कूलों की किताबों में बदलाव

'पानी' की जगह 'जल', 'अब्बा' की जगह 'बाबा'

पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली बांग्ला भाषा की किताबों में जल्द बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीएम सुवेंदुअधिकारी की सरकार की ओर से गठित पाठ्यक्रम समीक्षा समिति ने किताबों में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों को बदलने, इतिहास के पाठ्यक्रम में संशोधन करने की सिफारिश की है। बांग्ला की किताबों में 'पानी' की जगह 'जल' और 'अब्बा' की जगह 'बाबा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके साथ ही हिंदू राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पाठ्यक्रम में शामिल करने और मुगल शासन तथा मार्क्सवादी विचारधारा से जुड़े कुछ हिस्सों को कम करने का फैसला किया गया है। कल्याणी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर देबाशीष चटर्जी इस पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समीक्षा समिति के प्रमुख हैं।

श्रम मंत्रालय ने अनुरोधों की समीक्षा के बाद लिया फैसला

ईएसआईसी न्यू एमनेस्टी स्कीम 2026 तक बढ़ाई

नियोक्ताओं-बीमा के लाभुकों को मिलेगी राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह स्कीम अब 31 दिसंबर, 2026 तक लागू रहेगी। श्रम मंत्रालय के एक बयान में यह जानकारी दी गई है। इस विस्तार से नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों को अपने लंबित मामलों को निपटाने के लिए अधिक समय मिलेगा।विभिन्न हितधारकों से मिले अनुरोधों की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है। न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 मूल रूप से 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 तक चलनी थी। अब इसे 1 अक्बटूर, 2026 से 31 दिसंबर, 2026 तक तीन महीने के लिए और बढ़ा दिया गया है। यह विस्तार मौजूदा नियमों और शर्तों पर ही लागू होगा। यह एक बार की विवाद समाधान पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य अदालती मामलों के लंबित बोझ को कम करना है। साथ ही, पूर्ववर्ती ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को बढ़ावा देना भी इसका लक्ष्य है।

क्या है न्यू एमनेस्टी स्कीम?

यह स्कीम नियोक्ताओं को ईएसआईसी के साथ अपने कानूनी विवादों को सुलझाने के लिए एक संरचित तंत्र प्रदान करती है। इसके तहत अदालत के बाहर समझौता करने का अवसर मिलता है। स्कीम तदर्थ आकलन के निपटान की अनुमति देती है। इसमें नियोक्ता वास्तविक योगदान और ब्याज का भुगतान कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता है।



किन मामलों में मिलेगी राहत?

जिन मामलों में नियोक्ताओं ने पहले ही बकाया का भुगतान कर दिया है, उन्हें भी वापस लिया जा सकता है। विवादित जुर्माने का 10 फीसदी भुगतान करना होगा। ईएसआईसी द्वारा रिकॉर्ड जमा न करने या विलंबित भुगतान के लिएमामले भी वापस लिए जा सकते हैं। यदि बाद में अनुपालन किया गया हो, तो इन्हें वापस लिया जा सकता है। 31 मार्च, 2025 तक दायर किए गए अदालती मामले इस स्कीम के तहत पात्र हैं।

इस विस्तार से क्या लाभ होगा?

इस विस्तार से पात्र नियोक्ताओं और बीमाकृत व्यक्तियों को स्कीम के लाभ उठाने अतिरिक्त समय मिलेगा। न्यू एमनेस्टी स्कीम, 2025 विवाद समाधान का व्यावहारिक और नियोक्ता-अनुकूल मार्ग है। यह सरकार के व्यापक लक्ष्य का समर्थन करती है। इसका उद्देश्य कारोबार करने में सुगमता बढ़ाना है। यह ईएसआईसी द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले नागरिकों के अधिकारों को भी बनाए रखती है।

ईएसी-पीएम के चेयरमैन देव ने कहा, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की जरूरत

सरकार रोजगार सृजन करने वाले और उन्नत प्रौद्योगिकी वाले उद्योगों को समर्थन दे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को आने वाले वर्षों में रोजगार पैदा करने वाले श्रम-प्रधान क्षेत्रों के साथ-साथ अत्याधुनिक उद्योगों को भी समर्थन देना चाहिए। देव ने कहा कि यह समर्थन स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा होना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा की जानी चाहिए। इंस्टिट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि सभी कंपनियों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि आत्मनिर्भर भारत का मतलब यह नहीं है कि भारत 1991 से पहले के दौर में लौट रहा है।

श्रम प्रधान क्षेत्रों के साथ अत्याधुनिक उद्योगों को समर्थन मिले

समर्थन स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा हो और नियमित समीक्षा की जाए

ये उद्योग रोजगार पैदा कर सकते हैं

चेयरमैन ने कहा, /"दूसरी जरूरत रोजगार पैदा करने वाले उद्योगों और अत्याधुनिक उद्योगों, दोनों को समर्थन देने की है। कपड़ा, परिधान, जूते और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा कर सकते हैं, जबकि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे, उन्नत सामग्री और स्वच्छ प्रौद्योगिकी भारत की तकनीकी क्षमता को मजबूत कर सकते हैं।/"



कंपनियां अपने उत्पादन केंद्रों में विविधता ला रही

देव ने कहा कि शुल्क में बदलाव और भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का नए सिरे से गठन हो रहा है। पहले किसी एक स्थान पर निर्भर रहने वाली कंपनियां अब अपने उत्पादन केंद्रों में विविधता ला रही हैं। देव ने कहा, /"ऐसी कंपनियां बड़े, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार तलाश रही हैं।

दिया जाना वाला समर्थन अच्छी तरह से तैयार हो

देव ने कहा कि देश को उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, /"इन उद्योगों को दिया जाने वाला समर्थन अच्छी तरह तैयार किया जाना चाहिए, स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा होना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा होनी चाहिए, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।/"देव ने कहा कि भारत में औद्योगीकरण के रास्ते में भूमि की उपलब्धता बड़ी बाधाओं में से एक है।

लगातार अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित हो

देव ने कहा कि अब सवाल यह है कि इन शुरुआती सफलताओं को व्यापक औद्योगिक बदलाव में कैसे बदला जाए। उन्होंने कहा, /"वैश्विक खरीदार ऐसे उत्पादन तंत्र की ओर रुख करते हैं, जहां बड़े पैमाने पर उत्पादन, प्रतिस्पर्धी लागत और लगातार अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित हो। अच्छी बात यह है कि जिन क्षेत्रों में हम सुधार कर सकते हैं, उनकी पहचान स्पष्ट है और इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में सुधार की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।/"

देश में मध्यम आकार की कंपनियों की कमी

देव ने कहा कि भारत में चीन और कुछ अन्य देशों की तरह मध्यम आकार की कंपनियों की कमी है। उन्होंने ऐसी कंपनियों का उदाहरण दिया, जिनमें 500 से 1,000 कर्मचारी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋण की उपलब्धता और कौशल में सुधार की जरूरत है।

बैंक, अन्य शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 905 अंक चढ़ा



मुंबई (एजेंसी)। कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 905 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,900 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स 905.01 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,151.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 237.90 अंक यानी 1.05 प्रतिशत के लाभ बढ़त के साथ 22,936.75 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा पांच प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिससे कंपनी का शेयर लाभ में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

दिल्ली में सोना 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर, चांदी 500 रुपये महंगी

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। ऊंची कीमतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों ने ताजा खरीदारी के प्रति सतर्कता बरती। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। बुधवार को चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। कारोबारियों ने कहा कि ऊंची कीमतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों के नई खरीदारी को लेकर सतर्क रहने से सोने की कीमतें स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार और मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू सोने की कीमतें बृहस्पतिवार को स्थिर रहीं।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक रुख का असर अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से मिलने वाले समर्थन पर भारी पड़ा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 49.38 डॉलर यानी 1.21 प्रतिशत घटकर 4,018.08 डॉलर प्रति औंस पर रही।

आरबीआई के नए अकाउंटिंग नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ने बैंकों के कामकाज और उनके खातों का हिसाब-किताब रखने के तरीके में एक बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इफेक्टिव इंटरेस्ट रेट (ईआईआर) यानी प्रभावी ब्याज दर के नए नियम लागू किए जा रहे हैं। हालांकि बैंकिंग इंडस्ट्री पुराने नियमों को ही बनाए रखने की मांग कर रही है, लेकिन 1 अप्रैल 2027 की डेडलाइन को देखते हुए बैंकों ने अपने सॉफ्टवेयर और सिस्टम को नए नियमों के हिसाब से ढालने की तैयारी शुरू कर दी है।



आखिर इफेक्टिव इंटरेस्ट रेट है क्या और यह कैसे काम करेगा? अभी तक बैंक अपनी इंट्रेस्ट इनकम की गणना फिक्स या पहले से तय ब्याज दर पर करते थे। लेकिन ईआईआर के नए नियम के तहत, बैंकों को अपनी ब्याज आय की गणना किसी फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट जैसे बांड या कर्ज से भविष्य में मिलने वाले कुल कैश फ्लो और उसकी वर्तमान वैल्यू के आधार पर करनी होगी।

मारुति सुजुकी का इलेक्ट्रिक वाहन निर्यात 50,000 इकाई के पार

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का अगस्त, 2025 से अक्टूबर, 2026 के दौरान इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के निर्यात का आंकड़ा 50,000 इकाई को पार कर गया है। कंपनी ने अगस्त, 2025 में ही वैश्विक बाजारों में ईवी की आपूर्ति शुरू की थी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि अप्रैल-सितंबर, 2026 के दौरान भारत से हुए इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के कुल निर्यात में उसकी हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत रही। कंपनी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-विटारा' का निर्यात ब्रिटेन, नॉर्वे, जर्मनी, जापान और स्विट्जरलैंड सहित करीब 50 देशों में कर रही है। यूरोप उसके इलेक्ट्रिक वाहन का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। मारुति सुजुकी ने बताया कि ई-विटारा का उत्पादन अगस्त, 2025 में गुजरात स्थित हंसलपुर संयंत्र में शुरू हुआ था।

आईपीओ के नियम बदलने की तैयारी, विदेशी निवेशकों की एंट्री 5 दिन में?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों और कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव की तैयारी है। बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सेबी मेनबोर्ड आईपीओ और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के नियमों की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय घटाकर पांच कारोबारी दिन तक लाने का लक्ष्य है। पांडे ने कहा कि सेबी ऐसे सिस्टम पर भी काम कर रहा है, जिसमें थर्ड-पार्टी एजेंसियां जांचेंगी कि आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ने बताए गए उद्देश्य के मुताबिक किया है या नहीं। उन्होंने बिना आर्थिक गतिविधियों वाली कुछ लिस्टेड कंपनियों को बाजार के लिए जोखिम बताते हुए ऐसी कंपनियों को हटाने की बात भी कही।

शेयर बाजार की असली परीक्षा

सेबी चेयरमैन ने कहा कि भारतीय पूंजी बाजार की असली परीक्षा ये है कि वो देश की इकोनॉमी को कितन प्रभावी तरीके से पूंजी उपलब्ध कराते हैं। बाजार का काम सिर्फ शेयरों की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि बचत करने वालों की पूंजी को उन कारोबारों तक पहुंचाना भी है, जिन्हें विकास के लिए पैसे की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय परिवार अब देश के पूंजी बाजार के लिए फंड का अहम स्रोत बनते जा रहे हैं। बैंक अब भी जरूरी हैं, लेकिन कंपनियों को इक्विटी, कॉरपोरेट बांड और दूसरे निवेश माध्यमों से भी पूंजी मिलती है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताहः दिल्ली एरिया के रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्रतिक्रिया सर्वेक्षण का आयोजन

नई दिल्ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के चौथे दिन, 29 अक्टूबर 2026 को, सतर्कता अधिकारियों और निरीक्षकों की टीमों ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्रतिक्रिया सर्वेक्षण किया। सतर्कता टीमों ने यात्रियों से उनकी शिकायतों, विशेषकर रेलवे में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं के बारे में फीडबैक प्राप्त किए। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के अनुभवों को समझना, उत्तर रेलवे सतर्कता विभाग को प्रक्रियाओं/नीतियों आदि में सुधार लाने हेतु समस्या क्षेत्रों की पहचान करने और भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी रेलवे प्रणाली को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत करने में मदद करना है।



बैंक कर्ज महंगा होने से कंपनियां बॉण्ड बाजार को दे रही तरजीह

मुंबई (एजेंसी)। बेहतर साख वाली कंपनियां बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत कम लागत पर धन जुटाने के लिए तेजी से बॉण्ड बाजार का रुख कर रही हैं। जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, एएए रेटिंग वाली कंपनियों ने अक्टूबर में अबतक 8.13 प्रतिशत से 8.85 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर पैसा जुटाया है। ये बॉण्ड इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के तुरंत बाद आए। इस समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की थी और मौद्रिक नीति के रुख को भी मौ'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' वाला कर दिया था। विशेषज्ञों ने कहा कि बॉण्ड के जरिये कर्ज लेना बाहरी मानकों से जुड़ी ब्याज दरों वाले बैंक ऋण की तुलना में सस्ता हो सकता है। इसकी वजह यह है कि बैंक ऋण में मानक उधारी दर के ऊपर अतिरिक्त प्रीमियम भी लिए जाते हैं। रॉकफोर्ट फिनकैप एलएलपी के संस्थापक एवं प्रबंध साझेदार वेंकटकृष्णन श्रीनिवासन ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से कर्ज लेने पर प्रभावी ब्याज दर 8.65 प्रतिशत होगी।



एशियन पेंट्स का मुनाफा बढ़कर 1,068 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत बढ़कर 1,067.6 करोड़ रुपये रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बिक्री में हुई वृद्धि से कंपनी का लाभ बढ़ा है। हालांकि, कच्चे माल की बढ़ती लागत ने परिचालन मार्जिन पर दबाव डाला। देश की प्रमुख पेंट विनिर्माता कंपनी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी एकीकृत शुद्ध बिक्री 16.9 प्रतिशत बढ़कर 9,953.9 करोड़ रुपये हो गई।

छठ पूजा 2026 के लिए सिंचाई विभाग ने शुरू किया तालाब बनाने का कार्य

नई दिल्ली। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी राजी0 नरेला दिल्ली 40 द्वारा आयोजित होने वाले छठ पूजा 2026 के लिए दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रक विभाग द्वारा दिनांक 15/10/2026 से तालाब बनाने का काम चालू हो गया है जिसके लिए संस्था द्वारा खुशी जाहिर करते हुए आउटर नॉर्थ जिले के डीएम विशाखा यादव, व एसडीएम नरेला आदित्य झा व दिल्ली सरकार , व सिंचाई विभाग सिविल डिविजन 7 को बधाई दिया गया क्योंकि इन सबके तत्परता के कारण ही तालाब का काम समय से चालू हो पाया है संस्था के महासचिव विनीत कुमार ने बताया कि हमें विश्वास व उमीद है कि इस वर्ष सभी काम समय से हो सकेगा क्योंकि डीएम मैडम ओर एसडीएम आदित्य झा काफी तत्परता से छठ पूजा का काम करवा रहे है शेक्टर ए 10 पॉकेट 1 डीडीए ग्राउंड छठ पूजा जो इस जिले का सबसे विशाल छठ पूजा स्थल है उसका निरीक्षण करके सुव्यवस्थित तरीके से काम करवा दिए है संस्था ने पिछले साल की कमियों को सरकार व डीएम मैडम के समक्ष रखा कि पिछले वर्ष सरकार द्वारा टेंट लाइट का सामान बहुत कम व बहुत विलम्ब से आया था जिस कारण पूजा में बहुत व्यवधान हुआ डीएम विशाखा यादव व एसडीएम आदित्य झा ने सरकार के तरफ से विश्वास दिलाया है कि इस वर्ष सभी छठ पूजा स्थल पर समय से पूर्ण समान देकर उत्कृष्ट पूजा व्यवस्था किया जाएगा सरकार व अधिकारीगण के इस शब्द से संस्था का काफी खुश है।



के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में आइडियास 4.0 का समापन, एआई और नवाचार पर रहा विशेष जोर



गुरुग्राम/सोहना। के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय में आयोजित आइडियास 4.0 – द इनोवेशन कार्निवल 2026 के दूसरे और अंतिम दिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार, उद्यमिता और उभरती तकनीकों पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं, पैनल चर्चाओं और परियोजना प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, उद्योग प्रतिनिधियों और नवाचार से जुड़े प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के उपाध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश जरावता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इनोवर्स और एआई एरीना का भ्रमण किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी परियोजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. दिनेश सिंह, प्रो-चांसलर श्री अभिषेक गुप्ता, प्रमोटर एवं निदेशक श्री रोहित गुप्ता, कुलपति अनिल सैनी और कुलसचिव राजीव रतन भी उपस्थित रहे। एआई एरीना के मुख्य मंच पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नवाचार विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। इसमें प्रोफेसर ऑफ हाउ के संस्थापक एवं सीईओ किशोर नरुका, सह-संस्थापक एवं कंटेंट क्रिएटर ताशिका सधवानी, संस्थापक एवं कंटेंट क्रिएटर सैन कालरा तथा संस्थापक, सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं शिक्षाविद् अंकित झा ने भाग लिया।

यूपी के युवाओं को रिटेल क्षेत्र में काम सीखने का मिल रहा मौका

नोएडा। सैमसंग के 'दोस्त' कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश के युवा रिटेल क्षेत्र में करियर बनाने के लिए जरूरी कौशल और व्यावहारिक अनुभव हासिल कर रहे हैं। गाजियाबाद और लखनऊ में कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों को सेल्स, ग्राहक सेवा और स्टोर संचालन की ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यक्रम में युवाओं को सैमसंग के उत्पादों की जानकारी देने, ग्राहकों की जरूरतें समझने, बिक्री बढ़ाने और स्टोर की रोजमर्रा की जिम्मेदारियां निभाने का प्रशिक्षण मिलता है। इसमें ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई के साथ काम के दौरान सीखने का अवसर भी शामिल है। गाजियाबाद में अभिषेक कुमार ग्राहकों को एलईडी टीवी के फीचर्स समझाना सीख रहे हैं, जबकि मयंक कुमार फ्रीजर की बिक्री में अनुभव हासिल कर रहे हैं। ज्योति सिंह ने भी प्रशिक्षण और वरिष्ठ सहयोगियों के मार्गदर्शन से ग्राहकों से बातचीत करने का आत्मविश्वास बढ़ाया है।

यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल ने मनाया फाउंडेशन डे

नई दिल्ली। यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल ने ब्राउन कॉर्टिल में अपना फाउंडेशन डे उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर यूके इंटरनेशनल फैशन वीक का शुभारंभ भी किया। यह आयोजन ब्यूटी, फैशन, रचनात्मकता और कौशल विकास के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके लिए नए पेशेवर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रो. अब्दुल हसीब खान तथा सह-संस्थापक एवं चेयरपर्सन डॉ. उज्मा खान के मार्गदर्शन में यूकेआईबीएस का उद्देश्य कौशल आधारित शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ना और विद्यार्थियों को रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। प्रो. अब्दुल हसीब खान, संस्थापक एवं चेयरमैन, यूकेआईबीएस ने कहा हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को ब्यूटी और वेलनेस के क्षेत्र में प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि उन्हें एक सफल और सम्मानजनक करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास और अवसर उपलब्ध कराना है।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

वृष — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

कर्क — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

धनु — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मकर — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

कुंभ — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

मीन — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) द्वारा "सत्यनिष्ठ से समृद्धि" थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का आयोजन

नई दिल्ली। एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) द्वारा "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" थीम के अंतर्गत सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 मनाया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य संगठन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक आचरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यप्रणाली में ईमानदारी और सुशासन के मूल्यों को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर 29 अक्टूबर 2026 को एआईसी द्वारा एक वॉकाथॉन (पदयात्रा) का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकाथॉन का शुभारंभ सुश्री मिनी जॉर्ज, कार्यवाहक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी), एआईसी, तथा श्री उदय लक्ष्मणदास देवी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), एआईसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 15, एम.सी. रोहतक में गांधी कैम्प में दुरेजा इलैक्ट्रिकल्स के बाहर वाली गली की सी.सी. गली का निर्माण + 6 कार्य।	28.10.2026 03.11.2026	91,17,068/-	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50625/1/88/7 दि. 29.10.26

शब्द पहेली - 6393

बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

ऊपर से नीचे
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

शब्द पहेली - 6392 का हल

र	प	ट	ना		ज		अ	प	रा	ध
	ल		म		ना	वि	क		ल	ड़
ह			ज	ल	न		ल			क
म	क	स	द		खा	ना		थ	का	न
रा		ब		म	न		ध्व		लि	
ज	प	क	र	ना		रा	ज	कु	मा	र
	ह		बा		या	त्री		ली		वा
क	रा	र		न	न		अ	न	ब	न
म			ज		चा	क	र			गी
सि	ला		ह	म	ल		दा		सों	
न	क	सी	र		क		स	दा	चा	र



रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

हरमनप्रीत-सुखजीत के दो-दो गोल से भारत ने चीन को 5-2 से हराया

जालंधर (भाषा)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने दो-दो गोल किए, जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में चीन को 5-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत (12वें और 34वें मिनट) ने दो शानदार मैदानी गोल दागे, जबकि हरमनप्रीत (27वें और 31वें मिनट) ने भारत के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। जुगराज सिंह (47वें मिनट) ने भी ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। चीन ने अपने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। उसके लिए पेंग यांग (26वें मिनट) और चोंगकॉन्ग चेन (36वें मिनट) ने यह गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 13-0 से हराया था, जबकि चीन एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलेशिया से 4-5 से हार गया था। भारत अपना अगला मैच शुक्रवार को जापान के खिलाफ खेलेगा, जबकि चीन का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और उसके खिलाड़ी कई बार सर्कल में पहुंचे, लेकिन 12वें मिनट तक कोई वास्तविक अवसर बनाने में असफल रहे। खेल के 12वें मिनट में जुगराज ने चीन के सर्कल के अंदर अकेले खड़े सुखजीत को गेंद दी जिसे इस स्ट्राइकर ने खूबसूरती से चीन के गोलकीपर हुआन्यु वू के ऊपर से गोल में डाल दिया।

आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया

कुलदीप और वरुण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

एजेंसी ▶▶ आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है। अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

भुवनेश्वर का डैथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी। न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन , अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे।

कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध





नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

- **सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध, पांच साल के लिए चुनाव तीन नवंबर को होगा**

सिंधू क्वार्टर फाइनल में, इशारानी-मालविका बाहर

सारब्रुकन (जर्मनी)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां आसान जीत के साथ हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मालविका बंसोड और इशारानी बरुआ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की रोजी ओक्टाविया पंचासारी को केवल 26 मिनट में 21-9, 21-6 से हराया। फ्रेंच ओपन की उपविजेता सिंधू ने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा तथा 57 अंकों में से 42 अंक जीते। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला अमाली शुल्ज से होगा। मालविका को कनाडा की वेन यू झांग से 31 मिनट में 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इशारानी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दिल्ली ने घरेलू महिला टी-20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

पुणे। दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा। उन्होंने 47 गेंद पर 119 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने इसके बाद हैदराबाद को आठ विकेट पर 154 रन ही बनाने दिए और इस तरह से 108 रन से बड़ी जीत हासिल की। दिल्ली में गोवा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 257 रन बनाए थे। दिल्ली का स्कोर महिला टी20 में 11वां सबसे बड़ा स्कोर है। शीर्ष 10 स्कोर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बने हैं।

तनीषा का महिला टी-20 में सबसे तेज शतक

तनीषा ने 38 गेंद पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे किरण नवगिरे (34 गेंद) और सोफी डिवाइन (36) हैं जबकि डिएंड्रा डॉटिन भी 38 गेंद पर शतक लगा चुकी हैं। तनीषा ने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।

अस्ताना में इतिहास रचने से एक कदम दूर मनीषा, तनू ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। मनीषा भानवाला महिलाओं के 59 किलोग्राम में भारवर्ग के फाइनल में प्रवेश कर भारत की पहली महिला वर्ल्ड चैंपियन बनने से महज एक जीत दूर हैं। वहीं 72 किलोग्राम भारवर्ग में तनू शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। मनीषा रोहतक जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा कुश्ती के अध्यक्ष रमेश और कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मनीषा ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा। प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा की लॉरेंस ब्यूरेगार्ड को 6-2 और क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखु को 6-0 से मात दी। सेमीफाइनल में मनीषा ने अपने दिन का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान की अल्टीन शागायेवा को घरेलू दर्शकों के सामने 10-0 (फॉल) से एकतरफा शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। मनीषा इस चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में काजल धोचक और नीलम सिरोही के बाद फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला बनी हैं। वहीं ओवरऑल वर्ल्ड चैंपियनशिप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह चौथी भारतीय महिला पहलवान हैं। शुक्रवार को खिताबी मुकाबले में मनीषा का सामना अमेरिका की एबिगेल नेटे से होगा। दूसरी ओर, 72 किलोग्राम वर्ग में तनू शर्मा की कांस्य पदक की जीत भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है। उनकी यह सफलता देश की आने वाली युवा महिला पहलवानों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। पूरा देश अब मनीषा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक के लिए प्रार्थना कर रहा है।





सुजीत का पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

अस्ताना। पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए। पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।

छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस : जैकब्स

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में मेजबान न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया है। सीरीज के दो मैच बाकी हैं, जिन्हें जीतकर कीवी टीम सम्मान बचाना चाहेगी, लेकिन यह इतना आसान नहीं होने वाला है। सीरीज के बाकी बचे दो मैचों में न्यूजीलैंड का फोकस किस चीज पर होगा? इसके बारे में टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने बताया है। टी20 सीरीज पहले ही गंवा चुकी न्यूजीलैंड की टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने कहा कि मेजबान टीम इस सीरीज के बाकी बचे 2 मैचों में छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस करेगी। न्यूजीलैंड सीरीज में 0-3 से पीछे है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा
जिला विदिशा (म.प्र.)
नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा
Email_cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र/SWM/2026/ गंजबासौदा दिनांक .....

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

ई-निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
2026_UAD_545656_1	SELECTION OF AN AGENCY NON-PROFIT ORGANIZATION FOR PROVIDING END-TO-END MANAGEMENT OF SOLID WASTE IN NAGAR PALIKA PARISHAD GANJBASODA	8835490.00	66300.00	10000.00	16.11.2026

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

हरियाणा सरकार

बाल सारथी

WOMEN & CHILD DEVELOPMENT DEPARTMENT

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) इंटर्नशिप कार्यक्रम

कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा समुदाय के इच्छुक व्यक्तियों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) में अपना योगदान देने के लिए "बाल सारथी" इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कौन जुड़ सकता है?
- किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी या समुदाय का कोई भी इच्छुक व्यक्ति, जो ECCE में अपना योगदान देना चाहता है।

इंटर्नशिप अवधि
- न्यूनतम 2 माह से अधिकतम 6 माह तक।

आपकी भूमिका
- खेल आधारित गतिविधियों में सहयोग।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग।
- बच्चों के सीखने और विकास में सहयोग।

आपको क्या मिलेगा?
- व्यावहारिक अनुभव।
- प्रमाण-पत्र (महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा)।
- मार्गदर्शन और मेंटोरिंग।



आवेदन कैसे करें?
1. बाल सारथी पोर्टल पर जाएं। 2. अपनी जानकारी पंजीकृत करें।
3. आवश्यक विवरण अपलोड करें। 4. आवेदन सबमिट करें।

पंजीकरण के लिए QR कोड स्कैन करें या बाल सारथी पोर्टल पर जाएँ।

अपना समय दें, अपना अनुभव बढ़ाएं! बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दें!

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
बेज़ नंबर 15-20, सेक्टर 4, पंचकूला, हरियाणा-134112. फ़ोन: 0172 256 0349.
वेबसाइट: wcdhry.gov.in हेल्पलाइन: 181 | 1098

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



खबर संक्षेप

भारत ने क्यूबा के पक्ष में मतदान किया

न्यूयॉर्क। भारत ने क्यूबा के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक, वाणिज्यिक और वित्तीय



प्रतिबंधों को समाप्त करने की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। भारत ने कहा कि कैरेबियाई देश को अपनी विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करने के लिए इन प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। यूएन की 193 सदस्यीय महासभा ने बुधवार को इस प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें 130 देशों ने पक्ष में मतदान किया, 17 ने विरोध में मतदान किया और 25 देश अनुपस्थित रहे।

रक्षा राज्य मंत्री वीआईएसवी का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सेंटर फॉर ज्वाइंट



वारफेयर स्टडीज (सीईएनजेओडब्ल्यूएस) के सहयोग से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से आयोजित किए जा रहे विश्व-2026 (वीआईएसवी-2026: विजन, इनोवेशन, सिनर्जी, वैल्यूज) का उद्घाटन करेंगे। 'रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन, वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी क्षमताओं को प्रदर्शित करना और मित्र भागीदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना है।

यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर हमला, 14 मौतें

कीव। यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला



किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके। यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी ने यह जानकारी दी।

ये जानकारी गुरुवार को थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर ने दी है

किसानों के पराली जलाने से नवंबर की शुरुआत में दमघोंटू होगा प्रदूषण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सबसे ज्यादा प्रभावित होगी राजधानी दिल्ली, पीएम-2.5 में पराली का योगदान होगा 40%

भारत में खासतौर पर राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के जानलेवा स्तर तक पहुंचने की चर्चा अक्सर सर्दियों के आगाज यानी नवंबर महीने में सुनाई पड़ती थी। लेकिन इस बार अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से ही ये मामला चिंता को बढ़ाने लगा है। जिसके पीछे की असली वजह हरियाणा, पंजाब जैसे उत्तर भारत के राज्यों में पराली जलाने के मामलों की अधिकता वाले पखवाड़े की शुरुआत होना है। नतीजा यह है कि अब नवंबर के पहले 15 दिन दिल्ली में पराली के धुएं की वजह से दम घोंटने वाले हो सकते हैं। जिसमें इस कारक का प्रदूषण बढ़ाने के लिए जिम्मेदार पीएम-2.5 में 40% तक योगदान रहेगा। जबकि अल नीनो भी इस वर्ष प्रदूषण को आमजन के लिए खतरनाक बनाने में साफतौर पर योगदान करता हुआ नजर आएगा। ये जानकारी थिंक टैंक 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' (सीईईडब्ल्यू) ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित की गई एक कार्यशाला के दौरान दी है। संगठन ने मामले पर दो अध्ययन भी जारी किए हैं।

आग की 717 घटनाएं दर्ज हुईं

सीईईडब्ल्यू के मुताबिक, पंजाब में 15 सितंबर से 27 अक्टूबर के बीच सैटेलाइट के माध्यम से आग की 717 घटनाएं दर्ज की गई हैं। जबकि बीते साल इसी अवधि में ये आंकड़ा 890 पर था। राज्य के गांवों में मुक्त उपलब्ध तस्वीरों की तुलना में खेतों में हालिया आग जलने के निशान 2 से 5 गुना अधिक मिले हैं। समस्या को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 21 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड प्रबंधन रिस्पांस कार्य योजना (ग्रैप) का पहला चरण लागू कर दिया है। जिसे मौजूदा सीजन में पहली बार लागू किया गया है। वहीं, दिल्ली सरकार की विंटर कार्ययोजना 1 नवंबर से लागू हो रही है।



गांठों की भंडारण सुविधा बढ़े

सीईईडब्ल्यू ने केंद्र, राज्य सरकारों को सुझाव देते हुए कहा कि हरियाणा ने उद्योगों में पराली इस्तेमाल के अपने लक्ष्य को 1.1 मिलियन टन से बढ़ाकर 2.3 मिलियन टन कर दिया है। लेकिन यहां मुद्दा 7 कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट चालू होने का है। जिनमें से अभी सिर्फ 3 ही चालू हुए हैं। संगठन ने मंजूरी ले चुके प्लांट पर तेजी से काम करने, एग्रीगेशन पॉइंट के पास गांठों की भंडारण सुविधा बनाने का सुझाव दिया है। जिससे पराली की मांग किसानों तक पहुंच सके।

हरियाणा के किसानों को नहीं मिला भुगतान

सीईईडब्ल्यू द्वारा हरियाणा के 1 हजार 588 किसानों के बीच किए गए एक नए स्वतंत्र सर्वेक्षण की मानें तो राज्य में धान की पराली को खेत से हटाने वाले किसानों में से इसकी गांठें बनाने वाले, पराली को चारे में इस्तेमाल करने वाले 5 में से 4 किसानों ने 2026 के शुरू में इसे न जलाने के उपायों को अपनाने की योजना बना रहे हैं। लेकिन यहां वास्तविक मुद्दा मौजूदा बिखरी हुई भुगतान व्यवस्था का है। जो अभी शुरुआती स्तर में है। पराली की गांठें बनाने वाले 7% किसानों को खरीदारों से भुगतान मिलता है। एक सर्वेक्षण में ये पाया गया कि 100 में से 7 किसानों को पराली के बदले भुगतान मिला। जबकि 62 फीसदी ने इसे मुफ्त में ही बाजार में दे दिया। इसके अलावा 100 में से 31 किसानों को 1 हजार का भुगतान प्राप्त हुआ है।

राज्यों को समझ बढ़ाने की जरूरत: संगठन के प्रोग्राम लीड-सैटेलाइट अध्ययन के सह-लेखक मोहम्मद रफीउद्दीन ने कहा कि किसानों को पराली न जलाने से रोकने के लिए भारत ने हजारों करोड़ रुपए का निवेश किया है। फिर भी यहां राज्यों को ये जानने की जरूरत है कि यह मदद कहां काम करती है। हमने सैटेलाइट अध्ययन में ये सुझाव दिया है कि आग की घटनाओं के साथ जले हुए क्षेत्र के अनुमानों को भी शामिल किया जाना चाहिए। हवा की गुणवत्ता को मापने के लिए एक पोर्टल बनाने का सुझाव भी दिया गया है। जो निर्देशों के पालन पर नजर रखें, सैटेलाइट से मिले आग, जले हुए क्षेत्र के आंकड़ों को जमीनी कार्रवाई से जोड़े।

पराली न जलाने के विकल्प अपनाएंगे

काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर की प्रोग्राम लीड-पहले अध्ययन की सह-लेखक कुरिंजी केमंथ ने कहा, हरियाणा के किसानों ने बताया कि वे 2026 में भी पराली न जलाने वाले विकल्पों को ही अपनाएंगे। लेकिन यहां ये भी स्पष्ट कर दें कि उनका ये इरादा अपने आप जमीन पर नहीं उतरेगा। बल्कि इससे होने वाले आय इसे जमीन पर उतारने का काम करती है। जब पराली किसानों के लिए कमाई का माध्यम बनती है, तो जीरो-बर्न फार्मिंग अपने दम पर आगे बढ़ने लगती है। सूबे के 87% किसानों ने एग्रीगेटर सेवाएं ली हैं। लेकिन महज 7 फीसदी ही अपने खेत को साफ करने के लिए प्रति एकड़ 1 हजार रुपए का भुगतान करते हैं। यह तथ्य दर्शाता है कि किसानों का इरादा तो मजबूत है, लेकिन आय नहीं। गांठें बनाने, पराली को चारे के रूप में इस्तेमाल करने वाले 80% किसानों ने बताया कि 2026 में भी हम ऐसा ही करेंगे। जिन किसानों ने बेलिंग की, उनमें से 31% को अपने खेतों को साफ कराने के लिए पैसे चुकाने पड़े।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ी मुश्किलें

रूसी डीजल सौदे पर रोक के लिए सांसदों ने पेश किया बिल


डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से रूसी डीजल के आयात को दी गई छूट को रद्द करने के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सांसदों ने मिलकर एक विधेयक पेश किया है। सांसदों का कहना है कि यह छूट वर्ष 2022 के उस कानून का उल्लंघन करती है, जिसके तहत रूसी तेल के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया था। वॉशिंगटन राज्य की डेमोक्रेट सांसद मैरी ग्लूसेनकैंप पेरेज और पेंसिल्वेनिया के रिपब्लिकन सांसद ब्रायन फिट्जपैट्रिक तथा नेब्रास्का के रिपब्लिकन सांसद डॉन बेकन ने पिछले सप्ताह 'रॉनल्ड रीगन पीस थ्रू स्ट्रेंथ एक्ट' पेश किया। विधेयक का उद्देश्य अमेरिकी वित्त मंत्रालय की ओर से रूसी तेल के आयात को दी गई छूट को रद्द करना है। इसके पारित होने पर 'जनरल लाइसेंस 135 तत्काल प्रभाव से निष्प्रभावी हो जाएगा।' साथ ही, भविष्य में रूसी ऊर्जा उत्पादों के आयात की अनुमति देने वाली ऐसी छूट या सामान्य लाइसेंस जारी करने पर भी रोक लगाने का प्रस्ताव है।

2022 के कानून का उल्लंघन

विधेयक में अमेरिकी वित्त मंत्रालय को वर्ष 2022 के रूसी तेल आयात प्रतिबंध कानून का उल्लंघन करने वाले समझौतों पर सरकारी धन खर्च करने से रोकने का प्रावधान भी शामिल है। इसके अलावा, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को यूक्रेन की रक्षा में सहयोग देने और किसी भी व्यवधान की स्थिति में 24 घंटे के भीतर कांग्रेस की खुफिया समितियों को सूचित करने की जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव है। पेरेज ने कहा कि राष्ट्रपति का रूसी तेल आयात करने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रीय हितों, कांग्रेस की द्विदलीय सहमति और वर्ष 2022 में पारित कानून की अनदेखी करता है। यदि राष्ट्रपति वास्तव में ईंधन की कीमतें कम करना चाहते हैं, तो उन्हें ईरान में युद्ध समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए, न कि अमेरिकी करदाताओं का पैसा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक पहुंचने देना चाहिए।


मैरी पेरेज

पहले आलोचना, अब रूस की मदद

वहीं, डॉन बेकन ने ट्रंप के पुराने रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रपति पहले यूरोपीय देशों की रूसी ऊर्जा खरीद को लेकर आलोचना करते रहे हैं, लेकिन अब उनका प्रशासन रूस के लिए डीजल बेचने की राह आसान बना रहा है। यह विधेयक मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ी ईंधन कीमतों के बीच रूसी डीजल खरीदने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ कांग्रेस की ताजा पहल है। रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस भी आशंका जता चुके हैं कि ट्रंप संभवतः वर्ष 2022 के आयात प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं। इस मामले का असर भारत-अमेरिका ऊर्जा संबंधों पर भी पड़ सकता है।


डॉन बेकन

भारत की समुद्र में बड़ी बादशाहत

नौसेना को मिली बिना चालक वाली पहली 'स्वदेशी' नाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में युद्ध लड़ने के तरीकों में बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे समय में भारत ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत अब उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जो अनमैन्ड सरफेस वेसल यानी यूएसवी बना सकते हैं। इसका मतलब है पानी पर चलने वाली ड्रोन नाव। जिसका इस्तेमाल रूस-यूक्रेन युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हो रहा है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर


अनमैन्ड सरफेस वेसल

भारत मिशन के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। पुणे की निजी रक्षा कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने स्वदेशी अनमैन्ड सरफेस वेसल (यूएसवी) का निर्माण किया है।

घर वापस आने का कर रहे इंतजार

6 महीने से कराची पोर्ट पर फंसे 6 भारतीय नाविक, लगाई गुहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आठ महीने पहले 25 फरवरी को विनीत किशोर मिश्रा केवर नाम के जनरल कार्गो जहाज पर बतौर चीफ ऑफिसर सवार हुए थे।

ईरान और ओमान के समुद्री रास्तों से होते हुए यह जहाज 17 अप्रैल को पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर पहुंचा। तब से विनीत और उनके साथ पांच अन्य भारतीय नागरिक इस बंदरगाह पर फंसे हुए हैं और उनके घर वापसी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। विनीत का परिवार उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से लगातार मदद की अपील कर रहा है। विनीत यूपी के प्रयागराज के रहने वाले हैं और उनके दो बच्चे हैं। विनीत की पत्नी नेहा मिश्रा के अनुसार, कराची पहुंचते ही एक ईरानी कंपनी और बंदरगाह के अधिकारियों के बीच हुए विवाद के चलते जहाज को जब्त कर लिया गया।


विनीत मिश्रा

अंतरिम सरकार के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम का दावा

बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। उनके खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान ही छात्र नेताओं ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी थी कि उनके बाद देश की कमान कौन संभालेगा। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी।


शफीकुल आलम

हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौत



बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

पाक के सिंध में ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से 10 की मौत

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में गुरुवार को एक एंबुलेंस के अंदर आक्सीजन सिलेंडर फटने से एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। यह घटना थारपारकर जिले के नागरपारकर इलाके में हुई, जब एंबुलेंस महिला को डानो धंधल के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मिथी शहर के जिला अस्पताल ले जा रही थी। थारपारकर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ अजीज जाफरी ने बताया, 'अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जिनमें वह महिला भी शामिल है।' उन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म के बाद कुछ जटिलताओं के कारण महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था। जाफरी ने बताया कि सिलेंडर तब फटा, जब एंबुलेंस का ड्राइवर उसे गाड़ी के अंदर खिसका रहा था।

राजोरी के जंगल में आतंकी ठिकाना ध्वस्त, ग्रेनेड राइफल बरामद

राजोरी। जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। जिले के कोटरंका उपमंडल के ऊपरी इलाके में स्थित डोबा गली के दुर्गम जंगल में तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान राष्ट्रीय राइफल्स ने ग्रेनेड और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। ठिकाने से अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) के चार राउंड, तीन हैंड ग्रेनेड, एक असॉल्ट राइफल के 237 कारतूस, जनरल पर्पज मशीन गन (जीपीएमजी) के 101 बेल्टेड कारतूस और पिस्तौल के 16 कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा एक एके राइफल की संगीन, एक बैग और एक चादर भी मिली है।तीन हैंड ग्रेनेड, यूबीजीएल के चार राउंड और एके राइफल के 237 कारतूस समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया।

इजराइल में सत्ता की जंग तेज, पीएम नेतन्याहू ने लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

एजेंसी एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट सौंपेगी

चुनाव आयोग ने जांच एजेंसी 'शिन बेट' को दिए गहन जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल में मंगलवार को चुनाव हुए। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनके इस दावे के बाद इजराइल की चुनाव समिति ने इन आरोपों की जांच का आदेश दिया है। केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष जस्टिस नोम सोलबर्ग ने देश की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख डेविड जिनी को इन आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने जांच पूरी कर एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सोलबर्ग ने शिन बेट को लिखे पत्र में कहा कि उनके सामने चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करने के गंभीर आरोप आए हैं।


पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

न बीबी के साथ बैठूंगा न टिबी के साथ



यिस्राएल बेतेनु पार्टी के प्रमुख एविग्डोर लिबरमैन ने ऐलान किया है कि वे पीएम बेंजामिन नेतन्याहू (उर्फ़ 'बीबी') के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने साफ किया कि वे न तो बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में बैठेंगे और न ही उनके नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी गठबंधन (लिकुड ब्लॉक) का हिस्सा बनेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे विपक्षी खेमे की ऐसी किसी भी अल्पसंख्यक या वैकल्पिक सरकार का समर्थन नहीं करेंगे जो अरब पार्टियों (जैसे अहमद तिबी या मंसूर अब्बास के नेतृत्व वाली पार्टियों) के समर्थन पर टिकी हो।

नेतन्याहू ने अरब पार्टियों पर लगाए गंभीर आरोप

लिकुड पार्टी के प्रमुख और मौजूदा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि अरब पार्टियों ने रिश्वत, धमकी, हिंसा और धोखाधड़ी के जरिए चुनाव को प्रभावित किया। उनका दावा है कि मतदाताओं को जुटाने के लिए प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का भी इस्तेमाल किया गया। उनके मुताबिक, उनकी लिकुड पार्टी पुलिस, शिन बेट और केंद्रीय चुनाव समिति की कथित गड़बड़ियों से जुड़े सैकड़ों गवाहों के बयान और सबूत सौंप रही है।

आरोप बेबुनियाद: डीन लिवने



चुनाव आयोग ने चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आयोग के कार्यवाहक महानिदेशक डीन लिवने ने कहा कि चुनाव कानून के मुताबिक हुआ और अब तक गड़बड़ी के कोई सबूत नहीं मिले हैं। लिवने ने कहा कि मतदान केंद्रों पर चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

बहुमत के आंकड़े से दूर सभी गठबंधन

चुनाव के अनुमानित आंकड़े भी इजराइल की राजनीति में अनिश्चितता दिखा रहे हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 26 सीटें मिलने का अनुमान है। इसके साथ यूनाइटेड तोराह जुडाइज्म, शस और ओत्जमा येहुदित जैसे सहयोगी दल हैं। पूरे गठबंधन को करीब 53 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है, जबकि सरकार बनाने के लिए 120 सदस्यीय नेसेट में कम से कम 61 सीटें चाहिए।

यहूदी राष्ट्रवादी दल न करें गठबंधन

नेतन्याहू ने यह भी दावा किया कि कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और मतपेटियों में मिले लिफाफों की संख्या में अंतर था। नेतन्याहू ने संबंधित एजेंसियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यहूदी राष्ट्रवादी दलों से अरब दलों के साथ गठबंधन न करने की अपील की।

भारत-ओमान के बीच आठवें दौर की वार्ता

समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाएंगे साझा 'चुनौतियों' से निपटेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ओमान ने समुद्री सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए नौसैनिक समन्वय बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों के बीच नौसेना स्टाफ वार्ता का आठवां संस्करण 27 और 28 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। वार्ता की सह-अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर (विदेशी सहयोग) कार्तिक श्रीमल और रॉयल नेवी ऑफ ओमान के संचालन एवं योजना महानिदेशक कमोडोर अहमद जुमा सलीम अल खत्री ने की। दरअसल, भारत और ओमान के बीच हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग का विशेष महत्व है। दोनों नौसेनाओं की इस वार्ता में साझा समुद्री चुनौतियों से निपटने और इस समुद्री क्षेत्र में ऑपरेशनल तालमेल को मजबूत करने पर जोर दिया गया है।


कार्तिक श्रीमल और अहमद खत्री

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109